तापमान

अधिकतम 31.6 डिग्री

न्यूनतम 18.1 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 7 नवंबर 2025







# रक्षा मंत्रालय ने 290 एकड़ जमीन के लिए राज्य सरकार से मांगा 50 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार से जुड़ी जनहित याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई हुई। केंद्र सरकार की ओर से उप सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने ईमेल के माध्यम से रक्षा मंत्रालय से आई जानकारी को प्रस्तुत करते हुए बताया की केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से 290 एकड़ जमीन वापस करने के आवाज में 50 करोड़ रुपए की मांग की है। पहले यह राशि लगभग 72 करोड़ रुपए की थी। इसे जनहित को देखते हुए कम कर दिया गया है। यह मांग पत्र 3 नवंबर को राज्य सरकार को भेजा गया है।

राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर ने इस पर राज्य सरकार का रुख बताने के लिए समय की मांग की जिसे खंडपीठ ने स्वीकार कर लिया। खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर को निर्धारित की है तब तक राज्य सरकार को रक्षा मंत्रालय द्वारा भेज गए 50 करोड़ रुपए के संबंध में और नाइट लैंडिंग के संबंध में हुई प्रगति के बारे में अवगत कराना होगा। ध्यान रहे कि पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट के द्वारा नाइट लैंडिंग के संबंध में छत्तीसगढ़ के चीफ सेक्रेटरी और बिलासपुर से उड़ानों की संख्या कम करने के बारे में एलाइंस एयर से शपथ पत्र मांगा था। साथ ही केंद्र सरकार की अप सॉलिसिटर जनरल को 290 एकड़ जमीन वापसी के संबंध में राज्य सरकार को केंद्र के निर्णय के बारे में अवगत कराने संबंधी जानकारी देने के निर्देश दिए थे। मुख्य सचिव विकासशील के द्वारा दाखिल शपथपत्र में बताया गया कि डीवीओआर स्थापना और प्रारंभिक जांच का काम पूरा हो चुका है। अब उसे प्रक्रिया में लाने के लिए एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया का दौरा और उसके बाद उससे संबंधित सभी कागजात नक्शे आदि को तैयार करना और जमा करना बाकी है। इन सब के बाद ही राज्य सरकार डीजीसीए के समक्ष 3 सी आई एफ आर यानी नाइट लैंडिंग के लिए लाइसेंस का आवेदन कर सकती है। इस स्तर पर ऐएआई के अधिवक्ता अनुमेह श्रीवास्तव ने खंडपीठ को बताया कि यह दौरा 10 से 12 नवंबर को प्रस्तावित है।



- पहले यह राशि लगभग 72 करोड़ रुपए की थी, जिसे अब कम कर दिया गया है
- मुख्य सचिव ने शपथ पत्र में बताया कि डीवीओआर स्थापना और प्रारंभिक जांच पूरी

## अलाइंस एयर खंडपीठ को गुमराह कर रही

सुनवाई के बाद अलायंस एयर के अधिवक्ता शोभित कोष्टा ने खंडपीठ के सामने शपथ पत्र दाखिल करके दावा किया की उड़ानों की संख्या में कही गई बातें सही नहीं है और राज्य सरकार से हुए एमओयू के आधार पर ही वे उड़ानों को संचालित कर रहे हैं। केवल विमान के उचित उपयोग और अन्य संचालन कर्म के कारण सप्ताह में तीन दिन कोई भी उड़ान नहीं रखी गई है। सोमवार से गुरुवार तक एयरपोर्ट में उड़ानों का संचालन किया जा रहा है। हाईकोर्ट प्रैक्टिसिंग बार एसोसिएशन अधिवक्ता बादशाह प्रसाद सिंह की ओर से उपस्थित अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव द्वारा इसका खंडन किया गया और खंडपीठ को बताया गया कि सप्ताह में 6 दिन दिल्ली और बिलासपुर के बीच चलने वाली उड़न को घटाकर केवल तीन दिन कर दिया गया है। वहीं बिलासपुर जगदलपुर के बीच अब कोई उड़ान नहीं है। अलाइंस एयर पर खंडपीठ को गुमराह कर रही है। इस मसले पर थोड़ी देर सुनवाई के पश्चात हाईकोर्ट ने कहा कि एलाइंस एयर अगर तकनीकी कारणों को आधार बना कर उड़ानों की संख्या में कमी कर रही है तो उसे और उड़ानें चलाने के लिए मजबूर करना उचित नहीं होगा।

## हवाई सुविधा विस्तार में देरी पर हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया

सुनवाई के दौरान बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार में हो रही देरी को लेकर भी हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया। खंडपीठ के द्वारा यह साफ किया गया कि प्रतिवादियों के रवैया को देखकर यह जरूर लगता है कि छत्तीसगढ़ के दूसरे प्रमुख शहर बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार के प्रति इनमें से किसी की रुचि नहीं है। अन्यथा ऐसा कोई कारण नहीं होता के बिलासपुर में 4 सी एयरपोर्ट के निर्माण और महानगरों तक सीधी उड़ान चलाने जैसे व्यापक जनहित के विषय पर इतना समय लगता। खंडपीठ ने कहा कि ऐसे मामले तो कोर्ट में आने के पहले ही हल हो जाने चाहिए और सरकारों को जनहित को देखते हुए इनमें आगे बढ़कर निर्णय लेना चाहिए। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भी इसमें आगे बढ़कर भूमिका निभानी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। कोर्ट ने कहा कि यह भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि बिलासपुर में हवाई सुविधा की कमी से आम जनता को परेशानी हो रही है फिर भी मामले पर सरकारों का रवैया ढीला ढाला ही है।

## खबर संक्षेप

### अमर करेंगे स्वदेशी मेले का भूमि पूजन आज

**बिलासपुर।** स्वदेशी मेले का आयोजन 14 से 20 नवंबर तक साइंस कॉलेज मैदान में किया जाएगा। इसका भूमि पूजन 7 नवंबर, शुक्रवार को दोपहर 1:30 बजे कॉलेज मैदान में होगा। कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व मंत्री, अमर अग्रवाल, और महापौर पूजा विधानी मुख्य अतिथि होंगे। भूमिपूजन के बाद मेला स्थल में सभी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की जाएगी। मेले के संयोजक गुलशन ऋषि, प्रवीण झा, सह संयोजक डॉ. देवेंद्र कौशिक, कमल सोनी, दीप्ति बाजपेयी, ज्योतिद्र उपाध्याय उपस्थित रहेंगे।



### उद्यमियों को बैंकिंग एवं वित्तीय मार्गदर्शन देने कार्यशाला आज

**बिलासपुर।** रैम्प योजना के तहत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग एमएसएमई इकाइयों, महिला उद्यमियों, स्व सहायता समूह तथा कारीगरों को बैंक ऋण, सरकारी योजनाओं एवं वित्तीय सहायता से जोड़ने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला 7 नवम्बर की दोपहर 12 बजे से जल संसाधन परिसर के प्रार्थना सभा भवन में होगी। कार्यशाला में विभिन्न बैंकों द्वारा ऋण योजनाओं की जानकारी, एमएसएमई एवं शाखाओं से संबंधित वित्तीय समस्याओं का समाधान, क्रेडिट लिंक्ड योजनाओं की जानकारी, उद्यमियों और बैंकर्स के मध्य प्रत्यक्ष संवाद, महिला उद्यमियों एवं एसएचजी हेतु विशेष मार्गदर्शन दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बिलासपुर एवं ए श्रीधर राव से संपर्क किया जा सकता है।

### देर रात गुलाबी ठंड देने लगी दस्तक

**बिलासपुर।** नवंबर की शुरूआत के साथ ही ठंड की आहट होने लगी है। सुबह सवेरे ठंड पड़ रही है हालांकि रात में अभी भी पंखा चलाने की नौबत है। बताया हा रहा है कि न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के जानकारों के मुताबिक ठंड में तापमान में गिरावट आने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। उत्तरी से आने वाले हवाओं में रूकावटें आ रही है जिसके चलते ठंड में देरी है। हालांकि शाम व सुबह ठंड की हल्की आहट लोगों को सताने लगी है।

### छुट्टी के बाद खुली ओपीडी भीड़ के कारण अफरा-तफरी



**बिलासपुर।** बुधवार की छुट्टी के बाद गुरूवार को सिम्स में ओपीडी की सेवाएं शुरू हुई। छुट्टी के एक दिन बाद खुले ओपीडी में करीब 16 सौ से अधिक मरीज आए, इस दौरान 4 सौ से अधिक लोगों ने आईपीडी के लिए पर्ची कटाई है। बताया जा रहा है कि इन दिनों वायरल का प्रकोप शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कहर बरपा रहा है, लोगों को हफ्ते भर सर्दी जुकाम के साथ ही बुखार से पीड़ित होना पड़ रहा है। ऐसे में सिम्स में रोजाना मरीजों की भीड़ पहुंच रही है।

### सदस्यता सूची पर दावा आपत्ति 16 तक

**बिलासपुर।** नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड की सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 10 से 16 नवम्बर तक शाखा प्रबंधक शुभम मित्तल के पास बैंक कार्यालय बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड में अथवा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आरके गुप्ता के समक्ष कार्यालय संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं बिलासपुर में प्रस्तुत कर सकते है। आपत्तियों का निराकरण एवं अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 18 नवम्बर को होगा।

## मालगाड़ी से कोरबा लोकल की टक्कर, डीआरएम कार्यालय में सुबह 9 बजे से शुरु हुई जांच

# रेल दुर्घटना : 25 सेकंड में हुई टक्कर कोच से कैमरे जब्त, 30 से पूछताछ

**सीआरएस ने देर रात तक की 10 से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों से पूछताछ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मालगाड़ी और लोकल ट्रेन के टक्कर मामले की जांच करने के लिए बिलासपुर डिवीजन में पहुंचे रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा ने गुरुवार की सुबह 9 बजे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में साक्ष्य के साथ पूछताछ करने के लिए 30 से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों को बुलाया था। इस दौरान शाम रात तक 10 से अधिक से पूछताछ की गई, इस दौरान एक-एक को करीब एक से डेढ़ घंटे तक बिठाया गया। इसके कारण बाकी की जांच व पूछताछ दूसरे दिन यानि शुक्रवार के लिए छोड़ दी गई।

दो दिन पहले कोरबा से बिलासपुर की ओर आ रही लोकल मेमू ट्रेन अप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी। इस जबरदस्त टक्कर के कारण लोकल ट्रेन के इंजन और अन्य कोच मालगाड़ी के वैगन के ऊपर चढ़ गए थे। मालगाड़ी से लोकल ट्रेन की टक्कर होने से 11 यात्रियों की मौत हो गई और 20 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल यात्रियों का उपचार जिला अस्पताल, सिम्स, रेल अस्पताल और अपोलो में किया जा रहा है, जिसमें से कई यात्रियों की हालत काफी गंभीर बनी हुई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए इस मामले की जांच की जिम्मेदारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन दक्षिण पूर्व सर्किल कोलकाता के रेल सुरक्षा आयुक्त बीके मिश्रा को सौंपी गई है। बीके मिश्रा बुधवार की सुबह बिलासपुर रेल मंडल में पहुंच गए थे। उन्होंने सबसे पहले गतौरा से लेकर लालखदान पर हुए दुर्घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए जांच करने के साथ मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से चर्चा करने के बाद दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए लोकल ट्रेन के कोच को भी चेक किया। जांच में लोकल ट्रेन के उपकरणों को निकालकर सील कर दिया गया है। वहीं दूसरे दिन गुरुवार की सुबह बिलासपुर रेल मंडल के सभाकक्ष में बीके मिश्रा की जांच शुरु हुई। इस जांच के दौरान इलेक्ट्रिकल ओपी, आपरेटिंग, एसएंडटी, इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, कोचिंग डिपो, इलेक्ट्रिकल, मेडिकल सहित अन्य विभाग के अधिकारी व शामिल हुए। सुबह 9 बजे शुरु की गई जांच में 30 से अधिक अफसर और स्टाफ को बुलाया गया, जिसमें रात तक 10 से अधिक से पूछताछ हो सकी। इस दौरान बाहर में बैठे अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच चालक को दोषी बनाने की चर्चा होती रही।



जांच करने जाते रेल सेफ्टी कमिश्नर।

### चालक का एक माह पहले हुआ था प्रमोशन

लोकल ट्रेन और मालगाड़ी की टक्कर में यात्री लोकल ट्रेन का चालक विद्यासागर ब्रेक यान और दूसरे उपकरण में बुरी तरह से दब गया, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं महिला असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि सिंह को गंभीर चोट पहुंची। सूत्रों के अनुसार लोकल ट्रेन का चालक मृतक विद्यासागर एक माह पहले तक मालगाड़ी का चालक था, जो प्रमोशन होने के बाद लोकल ट्रेन का परिचालन कर रहा था। यात्री ट्रेनों का परिचालन करने के लिए सभी चालकों के साथ विद्यासागर का भी सायको टेस्ट लिया गया था, जिसमें वह फेल हो गया था। इसी तरह महिला असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि सिंह को भी लोकल ट्रेन को चलाने का कोई भी अनुभव नहीं था। इन सबके बावजूद विभागीय अफसरों ने दोनों के हाथ में हजारों यात्रियों की जिंदगी सौंप दी थी।



बयान देने के लिए बैठे रेलवे कर्मचारी।




हरिभूमि में प्रकाशित खबर।




हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### घुमावदार है लाइन

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि लोकल ट्रेन गतौरा से रवाना हो गई थी। यह ट्रेन एजे 5 अप लाइन में खड़ी हुई थी। इस स्थान पर स्टार्टर लगा था, जहां ट्रेन को खड़ा होना था। इसके बाद लालखदान का स्थान जहां दुर्घटना हुई वह घुमावदार था। इसमें मीडिल लाइन यानि एजे 7 में मालगाड़ी खड़ी हुई थी, जिसके लिए दो यलो सिग्नल चालू था। इन दोनों के बीच दो पिलर थे। ट्रेन ने पहले एक पिलर को पार कर दिया। दूसरी पिलर को पार करने के दौरान घुमावदार लाइन पर मालगाड़ी खड़ी हुई दिखाई दी। इस दौरान चालक ने ट्रेन को 76 किलोमीटर प्रति रफ्तार से चला दिया। इसी लाइन पर सामने मालगाड़ी खड़ी हुई दिखाई दी, जिसमें चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया। दोपहर 3 बजकर 59 मिनट पर गाड़ी की स्पीड 76 किलोमीटर प्रति स्पीड में थी, जो मालगाड़ी तक पहुंचने और इमरजेंसी ब्रेक लगने के बाद केवल 25 सेकेंड में घटकर 40 से 42 के बीच हो गई। इसके कारण जबरदस्त टक्कर के कारण हादसा हो गया।

### दुर्घटना की जांच की जाए बारिकी से : अटल

गतौरा एवं लाल खदान के बीच हुए भीषण रेल दुर्घटना में यात्रियों की जान गई बहुत से यात्री घायल हुए दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे अधिकारियों के दल ने प्राथमिक जांच में ही मेमू ट्रेन के मृतक ड्राइवर के लापरवाही से हादसा होना बता दिया है। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा है कि दुर्घटना की जांच होनी चाहिए। रेलवे की जांच टीम बन गई है, जो मामले की बारिकी से जांच समय पर पूरा करें। अंतिम रिपोर्ट प्रकाशित हो, जिसमें कारण सहित अन्य जानकारी दी जाए कि इसके लिए दोषी कौन था। उन्होंने कहा कि यात्रियों की तरह ही रेल कर्मचारी लोको पायलट की भी मृत्यु हुई है। लोको पायलट का पत्नी बच्चे एवं परिवार अभी उस सदमे से बाहर भी नहीं आया है। 24 घंटे के अंदर प्रारंभिक जांच में यह कह देना कि सीधे लोको पायलट इसके लिए जवाबदार था, यह मानवता नहीं है। जोन के अधिकारी यह अच्छी तरह से समझ लें कि दुर्घटना के जांच मे किसी प्रकार की लीपा पोती या किसी को भी इसका दोषी करार दिए जाने का विरोध होगा। इतनी बड़ी घटना घटी है। घायलों का इलाज मृतक परिवार को संबल देने का काम होना चाहिए ना की ड्यूटी के दौरान मृत्यु कर्मचारियों को ही इसका दोषी बता देना चाहिए। विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि महाप्रबंधक रेलवे जोन इस विषय पर ध्यान दें और निष्पक्षता से तकनीकी टीम द्वारा जांच कर कर अंतिम रिपोर्ट पेश करें।

### लोकल में लगा कैमरा जब्त

एक दिन पहले बुधवार को रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा व डिवीजन के अधिकारियों ने घटना स्थल लालखदान में पहुंचकर क्षतिग्रस्त हुए लोकल ट्रेन के पिछले कोच से वाइस रिकार्डिंग, स्पीडो मीटर और स्टेशन मास्टर डायरी सहित अन्य दस्तावेजों को जब्त किया था। वहीं दूसरे दिन गुरुवार की शाम को सामने कोच की जांच करने के बाद कैमरा और डीबीआर जब्त करने के उपरांत सीज कर जमा कर लिया गया। इस कैमरे में सारी रिकार्डिंग देखी जाएगी, जिसमें गाड़ी की रफ्तार सहित अन्य जानकारी मिलेगी।

**नेवारी के प्राथमिक स्कूल का मामला**

## नशे में स्कूल पहुंचा प्रधानपाठक, बच्चों ने उठाकर कुर्सी पर बिठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी विकासखंड के शिक्षा तंत्र में अनुशासन और जिम्मेदारी की स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। ताजा मामला धनगंवा संकुल के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवारी का है, जहां शासकीय पूर्व प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक हितेंद्र कुमार तिवारी शराब के नशे में धुत होकर विद्यालय पहुंचा। प्रधानपाठक तिवारी शराब के नशे में इतने अधिक मदहोश था कि वह ठीक से खड़े भी नहीं हो पा रहा था। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि मासूम स्कूली बच्चे उन्हें उठाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि शिक्षक लड़खड़ाते हुए गिर पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानपाठक हितेंद्र तिवारी के खिलाफ कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन न तो संकुल समन्वयक ने ध्यान दिया और न ही ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने कोई सख्त कदम उठाया। बताया गया कि सुशासन शिविर के दौरान भी गांववालों ने इस शिक्षक के शराब पीकर स्कूल आने की शिकायत की थी, फिर भी अधिकारी मौन बने रहे। वीडियो वायरल होने के बाद जब ग्राम पंचायत नेवारी के सरपंच प्रतिनिधि पिंटू सिंह को इस घटना की जानकारी मिली, तो वे तत्काल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों से चर्चा के बाद उन्होंने मस्तूरी स्थित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) शिवराम टंडन से मुलाकात कर लिखित शिकायत सौंपी। ग्रामीणों ने बीईओ से मांग की है कि ऐसे शिक्षकों को तत्काल निलंबित किया जाए और विभागीय जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए।



प्रधान पाठक को पकड़कर ले जाते बच्चे।

- सुशासन शिविर के दौरान भी गांववालों ने इसी शिक्षक के खिलाफ शिकायत की थी

### शिक्षा विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली

यह पहली बार नहीं है जब मस्तूरी ब्लॉक में किसी शिक्षक का शराब पीकर स्कूल आने का मामला सामने आया हो। हर सप्ताह शिक्षा विभाग से जुड़ी कोई न कोई विवादित खबर सुर्खियों में रहती है, जिससे यह स्पष्ट है कि यहां शासन-प्रशासन की निगरानी नाममात्र की है। विभागीय अधिकारी जब तक ऐसी घटनाओं को गंभीरता से नहीं लेंगे, तब तक विद्यालयों की स्थिति सुधरना मुश्किल है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, शिक्षा विभाग में ऐसे कई शिक्षक हैं जो ड्यूटी के दौरान शराब पीते हैं, परंतु उनके खिलाफ कार्रवाई न होने से वे खुलेआम मनमानी करते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे के मुताबिक मामले में कार्रवाई की जाएगी।

**दस्तावेज लेखकों के बीच चर्चा जोरों पर, शासन से कोई आदेश फिलहाल जारी नहीं**

# सौ और पचास के स्टांप पर एग्रीमेंट अमान्य करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अब सौ और पचास रूपए के स्टांप पर कराया गया एग्रीमेंट आने वाले समय में शायद अमान्य किया जा सकता है। दस्तावेज लेखकों के बीच इस बात की चर्चा होने लगी है। इस संबंध में दस्तावेज लेखकों द्वारा जिला कोषालय में लगातार पतासाजी भी की जा रही है, लेकिन शासन स्तर से फिलहाल इस संबंध में अधिकृत तौर पर कोई पत्र नहीं आया है।

पक्षकारों को अब एग्रीमेंट कराना महंगा पड़ सकता है। खासकर ऐसे पक्षकार जिन्हें व्यावसायिक दृष्टि से लगातार एग्रीमेंट कराने की जरूरत पड़ती है, उनकी जेब पर असर पड़ सकता है। दस्तावेज लेखकों के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि सौ एवं पचास रूपए के स्टांप पर कराए जाने वाले एग्रीमेंट भविष्य में अमान्य किए जा सकते हैं। इसके स्थान पर पक्षकारों को एग्रीमेंट के दौरान पांच सौ रूपए का स्टांप इस्तेमाल करना जरूरी होगा। हालांकि इस संबंध में जिला कोषालय विभाग के स्टांप शाखा में भी शासन स्तर से कोई अधिकृत पत्र नहीं आया है, लेकिन दस्तावेज लेखकों द्वारा यह चर्चा स्टांप शाखा में भी लगातार की जा रही है। स्टांप शाखा के अनुसार साल में दो बार स्टांप की डिमांड भेजी जाती है। इसके अंतर्गत पहला आर्डर अप्रैल में व दूसरा आर्डर अक्टूबर में किया जाता है। आज की स्थिति में जिले में 31 मार्च तक के लिए स्टांप का भंडारण है। इसके बाद ही यह स्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि अपैल से सौ व पचास रूपए के स्टांप की डिमांड में कितनी कमी आ रही है, वहीं पांच सौ के स्टांप में कितनी बढ़ोतरी होनी है।

### हर एग्रीमेंट में शासन को होगा साढ़े 4 सौ का मुनाफा

सौ और पचास रूपए के स्टांप में एग्रीमेंट को अमान्य करने की स्थिति में इस काम के लिए केवल पांच सौ रूपए के स्टांप ही जरूरी हो जाएंगे। वर्तमान में पक्षकारों द्वारा कराया गया एग्रीमेंट सौ, पचास या पांच सौ रूपए के स्टांप में कराया जाता है, लेकिन महत्व इन सभी का एक समान ही है। यही कारण है कि ज्यादातर लोग 50 रूपए के स्टांप में ही एग्रीमेंट कराना मुनासिब समझते हैं। इसके विपरीत शासन द्वारा 5 सौ रूपए के स्टांप में एग्रीमेंट को अनिवार्य करने के बाद केवल 5 सौ रूपए का स्टांप इस्तेमाल करना पक्षकारों की मजबूरी हो जाएगी, जिससे सरकार को प्रत्येक एग्रीमेंट में सीधे-सीधे साढ़े चार सौ रूपए का मुनाफा होगा।

### इन कार्यों के लिए किए जाते हैं एग्रीमेंट

एग्रीमेंट एक तरह का समझौता पत्र होता है, जो दो पक्षकारों के बीच आपसी सहमति से विभिन्न प्रयोजनों को लेकर कराया जाता है। इसके अंतर्गत मकान मालिक व किराएदार के बीच किरायानामा को लेकर, विभिन्न विभागों एवं ठेकेदारों के बीच, जमीन खरीदी-बिक्री के दौरान क्रेता एवं विक्रेता के बीच, वाहन खरीदी-बिक्री के दौरान, विभिन्न प्रयोजनों के लिए शपथ पत्र बनाने सहित दर्जनों प्रयोजनों को लेकर पक्षकारों के बीच एग्रीमेंट कराया जाता है।

### फिलहाल कोई आदेश नहीं आया है

डिमांड के आधार पर ही स्टांप मंगाए व संबंधितों को उपलब्ध कराए जाते हैं। सौ व पचास रूपए के स्टांप पर एग्रीमेंट अमान्य करने जैसी फिलहाल कोई सूचना या आदेश नहीं है।

-बसंत गुलेरी, जिला कोषालय अधिकारी

## बेलगहना पुलिस ने दिखाई मानवता प्रसूता ने गाड़ी में शिशु को दिया जन्म

**बिलासपुर।** साधन नहीं मिलने से अस्पताल जाने के लिए दर्द से कराहते सड़क पर खड़ी प्रसूता को बेलगहना चौकी की पेट्रोलिंग पार्टी गाड़ी में बैठाकर अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में असहनीय पीड़ा होने पर पुलिसकर्मियों के द्वारा परिजन की उपस्थिति में गाड़ी में प्रसव करा गया और उन्होंने बेटे को जन्म दिया। उसके बाद प्रसूता व बच्चे को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया।

बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, 6 नवंबर को पेट्रोलिंग पार्टी देहात भ्रमण में निकले थे। पेट्रोलिंग के दौरान वनांचल ग्राम बाबा पार तुलुफ खोंगसरा में सड़क किनारे गर्भवती महिला रानू गोस्वामी पति सागर गोस्वामी 22 साल प्रसव के लिए अस्पताल जाने के लिए साधन की तलाश करते परिजन के साथ खड़ी थी। पेट्रोलिंग पार्टी उस ओर से गुजर रहे थी तो प्रधान आरक्षक नरेन्द्र पात्रे, आरक्षक ईश्वर नेताम, धीरज जायसवाल ने गाड़ी रोकी। पूछताछ करने के बाद पुलिसकर्मी ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए प्रसूता व परिजन को अस्पताल ले जाने के लिए गाड़ी में बैठा लिया। रास्ते में प्रसूता को असहनीय पीड़ा होने लगी। पुलिसकर्मियों ने गाड़ी रोककर जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराई और परिजन की उपस्थिति में प्रसूता का प्रसव कराया गया। प्रसूता ने बेटे को जन्म दिया। उसके बाद पुलिसकर्मियों के द्वारा प्रसूता व बच्चे को आमगोहन अस्पताल में सुरक्षित भर्ती कराया गया। जहां जच्चा, बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।


FORTUNE ELEMENTS
Presents
बिलासपुर के सबसे बड़े प्रॉपर्टी मेले का
भव्य शुभारंभ
CREDAI BILASPUR
आपने ADDRESS CHANGE कराया क्या?
CREDAI PROPERTY EXPO 2025
7, 8 & 9 Nov 2025
KUNDAN PALACE, SHRIKANT VERMA MARG, BILASPUR
Powered by
DCT Real Estate Developers Bilaspur (C.G.)
प्रॉपर्टी मतलब DCT
ISO 9001- 2015 Certified
Banking Partner
SBI
हर बुकिंग पर बिल्डर्स द्वारा ढेरो ऑफर्स
बच्चों के लिए आकर्षक GAME ZONE
Food Zone
स्वादिष्ट भोजन
30+ Housing & Commercial Projects with Best Deals
Stalls of Best in Class Building Material Vendors
प्रत्येक बुकिंग पर निश्चित उपहार
एक्सपो विज़िट पर हर घंटे चाँदी का सिक्का जीतने का मौक़ा
Bgauss Oowah
ई-स्कूटर से लेकर एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन सहित 3 लाख तक के इनाम
Bathcare Partner
Jaquar BATHROOM
PARTICIPATING BRAND
CITYWALK
DRS High Street
S. K. BUILDERS & COLONIZERS
GK Group
Shree Balaji Doors & Ply
NIRVANA HOMES
SOLITAIRE
Vijaya Heritage
ATLANTIC IMPERIAL TOWER
FORTUNE
SHRI GANESH ORCHID
HARSH PROJECTS
GEETANJALI ERA
OoWah EV ka All Rounder
Swarna Shikhar
USHA VALLEY
SWARNIMA ERA
WallingCo
वृंदावन ग्रीन्स
VRINDAVAN INFRA ESTATES PVT.LTD.
UB WORLD
SARDAR JI BUILDING SOLUTIONS
Aashiyana
AVIRAL DEVELOPERS
ARPA GREENS ROYAL
KRISHNA
GWALANI GROUP
KD CONSTRUCTION
FEDERAL BANK
vision vistara
Skyler
ALASKA HOMES
DHEERAA SKYLLA
CLASSIC GROUP
Bajpai Buildcon
360 INFRA SOLUTIONS
INDU
कृष्णा पुरम
Anand Vihar
CHITVAN
DIWANJI
HDFC BANK
Jay
कुंदन पैलेस, श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 78980-32660

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव निर्धारित तिथि पर 27 को ही होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट बार एसोसिशन की सामान्य सभा की बैठक में तय किया गया कि चुनाव निर्धारित तिथि पर ही 27 नवंबर को होंगे। इसमें अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन शुक्रवार 7 नवम्बर की दोपहर 12:00 बजे किया जाएगा।

- **अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन शुक्रवार 7 नवम्बर की दोपहर 12 :00 बजे होगा**

गुरुवार की दोपहर हाईकोर्ट परिसर स्थित अधिवक्ता कक्ष में हुई बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट के के सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के चुनाव की प्रक्रिया को पूर्व कार्यकारिणी समिति के द्वारा जारी अधिसूचना 13 अक्टूबर के अनुसार ही 27 नवंबर को कराया जाएगा। हालांकि इसमें आंशिक संशोधन करते हुए सामान्य सभा के द्वारा प्रत्याशियों के लिए नामांकन पत्र वितरण बिक्री एवं जमा की तिथि 7 नवंबर दोपहर 3 बजे से 10 नवंबर शाम 5 बजे तक करने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 10 नवंबर की शाम 5 बजे तक रहेगी। साथ ही सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पूर्व कार्यकारिणी समिति के द्वारा जो अंतिम मतदाता सूची तैयार की गई है उसे ही



घोषणा पत्र भरने की अनिवार्यता के साथ प्रकाशित किया जाएगा। सामान्य सभा का संचालन अधिवक्ता अब्दुल वहाब खान ने किया। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता रमाकांत पांडे, बृजेश सिंह, अमित तिवारी, लखन सिंह भदोरिया, जेके महिलाग, संतोष पांडे ,अभिषेक पांडे ,विपिन तिवारी ,आशुतोष शुक्ला ,ए निशा, गिरीश पांडे , कमरुल अजीज सत्येंद्र महादेव ,राजेंद्र पटेल, सुनील वर्मा ,सोरेन मैडम, अमित जायसवाल, टिकेश्वर कौशिक, किशोर नारायण, चंद्र प्रकाश सोनवानी ,नीरज कुमार जैन, आर्यन पांडे, रजनी सोरेन, नेहा खांडेकर, वरुण कुमार, विकास कुमार सोनी ,दीपक कुमार ,मोहम्मद परवेज खान अनवर अंसारी ,अभिषेक डहरिया ,एचडी कुलदीप ,श्रीमती संगीता आदि अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

### अधिवक्ताओं को जमा करना होगा घोषणा पत्र

इसके साथ ही यह अनिवार्य कर दिया गया है कि उक्त मतदाता सूची में जिस भी अधिवक्ता का नाम शामिल है उन सभी अधिवक्ताओं को अपने मतदान का प्रयोग करने के पूर्व निर्धारित प्रारूप में इस आशय का घोषणा पत्र निर्वाचन अधिकारी के समक्ष निष्पादित करना होगा की वह विधिवत छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ में ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहा है। इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी अधिवक्ता संघ के चुनाव में मताधिकार का उपयोग नहीं करेगा। घोषणा पत्र निष्पादन के बाद ही निर्वाचन अधिकारी उन्हें मताधिकार हेतु अधिकृत कर सकेगा। बैठक में तय किया गया कि घोषणा पत्र मतदान के पूर्व मतदान तिथि तक कभी भी निर्वाचन अधिकारी के समक्ष पेश किया जा सकेगा। यह घोषणा पत्र निर्वाचन कार्यालय में निशुल्क उपलब्ध रहेगी।

*शिक्षा विभाग के अलावा आदिवासी विभाग से आए शिक्षकों को भी इसका लाभ मिलेगा*

# ई संवर्ग के 1378 शिक्षकों का प्राचार्य बनने का रास्ता साफ

बिलासपुर हाईकोर्ट ने व्याख्याता के पद पर पदोन्नति के लिए राज्य शासन द्वारा तय कैडर व मापदंडों को सही ठहराते हुए शिक्षक की याचिका को खारिज कर दी है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद ई संवर्ग के 1378 व्याख्याताओं को प्राचार्य के पद पर पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। शिक्षा विभाग के अलावा आदिवासी विभाग से आए शिक्षकों को भी इसका लाभ मिलेगा। ध्यान रहे कि याचिका पर सुनवाई के बाद सिंगल बेंच ने 5 अगस्त 2025 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल प्राचार्य पदोन्नति मामले को लेकर कई शिक्षक और संगठनों ने हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल की थी। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने इस पर सभी याचिकाओं को एक साथ क्लब कर सुनवाई की मांग की थी जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।

- **प्राचार्य पदोन्नति मामले को लेकर कई शिक्षक और संगठनों ने हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल की थी**

प्राचार्य पदोन्नति के लिए राज्य शासन द्वारा बनाए नियमों को चुनौती देते हुए पी गलिक राव, लक्ष्मी प्रसाद रबेठ, दूज राम खरे, संजय कुमार वखारिया, रूपनारायण कुशवाहा, अनुराग त्रिवेदी, अखिलेश त्रिपाठी, आनंद प्रसाद साहू,कोमल प्रसाद साहू, पुरुषोत्तम सिंह यदु ने अपने अधिवक्ताओं के जरिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें शिक्षकों ने कहा था कि लेक्चरर से प्रिंसिपल के पद पर पदोन्नति के लिए बीएड की डिग्री को ही मान्य किया जाए और डीएलएड डिप्लोमाधारक शिक्षकों को प्राचार्य के पद पर पदोन्नति के लिए अयोग्य ठहराया जाए। शिक्षकों के अलावा फोरम की ओर से एक शिक्षक ने हस्तक्षेप याचिका दायर कर याचिकाकर्ता शिक्षकों की मांग का विरोध किया था। हस्तक्षेप याचिका में कहा था कि राज्य शासन ने समय-समय पर पहले आदिवासी और फिर पंचायत विभाग के अंतर्गत नियुक्ति दी गई शिक्षा कर्मियों को शिक्षा विभाग में संविलियन किया है। लिहाजा ये शिक्षक भी पदोन्नति के हकदार हैं। हस्तक्षेप याचिका में इस बात का जिक्र किया था कि प्राचार्य का पद प्रशासनिक है।

### रोक के बाद भी ज्वाइनिंग को गलत माना गया

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान शिक्षकों की ज्वाइनिंग का मुद्दा भी याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने जोर से उठाया था। बताया कि व्याख्याता से प्राचार्य पद की पदोन्नति पर सात मई तक रोक थी। इसके बाद भी कई जिलों में ज्वाइनिंग जारी रही। हाईकोर्ट ने रोक के बाद भी ज्वाइनिंग को गलत बताया और शासन से पूरी रिपोर्ट मांगी थी। बता दें कि 30 अप्रैल को ही प्राचार्य पदोन्नित की सूची जारी की गई थी। इसके तहत छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के ई संवर्ग एवं टी संवर्ग के 2,925 प्राचार्य के पदों पर स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के व्याख्याता नियमित, व्याख्याता एलबी तथा प्रधान पाठक माध्यमिक विद्यालय को पदोन्नति देकर प्राचार्य बनाया था।

### कोर्ट ने सरकार के नियमों को वैध करार दिया

इसके साथ ही नारायण प्रकाश तिवारी ने याचिका दायर कर प्राचार्य पद पर 65% की बजाय 100% पद ई संवर्ग को देने की मांग की थी। राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि प्राचार्य पदोन्नति के लिए बनाए गए नियमों को लेकर डिवीजन बेंच में पहले ही विस्तार से सुनवाई हो चुकी है। 9 जून से 17 जून तक चली सुनवाई में सभी याचिकाओं को खारिज करते हुए सरकार के नियमों को वैध करार दिया गया। कोर्ट ने 30 अप्रैल को जारी प्राचार्य की सूची पर लगी रोक को हटाते हुए इसे बहाल कर दिया है। इसके बाद डिवीजन बेंच ने भी प्राचार्य के पद पर पदोन्नति के लिए 65% ई संवर्ग, 25% लोकल बॉडी संवर्ग और 10% सीधी भर्ती का कोटा मान्य बताया है।

# राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस

## 07 नवम्बर

राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस हर साल 7 नवंबर को मनाया जाता है ताकि कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और शीघ्र उसकी पहचान, रोकथाम और उपचार को बढ़ावा दिया जा सके। यह दिवस नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैडम क्यूरी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिनके काम ने कैंसर के इलाज के लिए रेडियोथेरेपी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बचाव और रोकथाम के लिए, तंबाकू से बचें, शराब का सेवन सीमित करें, स्वस्थ आहार (फल, सब्जियां, साबुत अनाज) लें और नियमित व्यायाम करें। इसके अतिरिक्त, कैंसर के लक्षणों को पहचानें और समय पर जांच कराएं।

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि स्तन कैंसर न केवल भारतीय महिलाओं बल्कि अंतराष्ट्रीय स्तर में महिलाओं में पाये जाने वाला एक आम कैंसर है। इसके प्रति जागरूकता होना अति आवश्यक है इसके प्रमुख कारक जल्दी मासिक धर्म आना, देर से रजोनिवृत्ति पारिवारिक इतिहास, (BRCA1/2 जीन), शराब का सेवन व कई अन्य बुरी आदतें हैं।




इसके रोकथाम के लिए महिलाओं को नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराना चाहिए । 40 वर्ष की आयु के पश्चात् मेमोग्राफी कराना चाहिए साथ ही स्वस्थ आहार पर ध्यान देना चाहिए। आदर्श शरीर के लिए वजन के नयंत्रण आवश्यक है, शीघ्र पहचान होने से इसकी संभावना काफी कम हो जाती है। इसी कड़ी में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर दूसरा महिलाओं में पाया जाने वाला कैंसर हैं।


सही समय में इसकी रोकथाम होने से इसे काबू किया जा सकता है इसका कारण एचपीवी (ह्यूमन पेपिलोमावायरस) का लगातार संक्रमण। इसकी संभावना जल्दी यौन गतिविधी कई साथी, जननांगों में स्वच्छता एवं स्क्रीनिंग की कमी। इसकी रोकथाम एचपीवी टीकाकरण (9-14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए अनुशंसित)। 30 वर्ष की आयु के बाद नियमित पैप स्मीयर या एचपीवी डीएनए परीक्षण।

कैंसर-पूर्व घावों का उपचार रोग के बढ़ने को रोक सकता है।

डिम्बग्रंथि का कैंसर अक्सर देर से निदान होता है क्योंकि शुरुआती लक्षण अस्पष्ट होते हैं (पेट फूलना, पेट दर्द)।

जोखिम कारक : पारिवारिक इतिहास, BRCA1/2 उत्परिवर्तन, बांझपन, हार्मोन थेरेपी।

रोकथाम: कोई प्रमाणित स्क्रीनिंग परीक्षण नहीं लक्षणों के बारे में जागरूकता महत्वपूर्ण है। इसका उपचार सर्जरी और कीमोथेरेपी।







प्रोस्टेट कैंसर के संबंध में बिलासपुर के प्रसिद्ध यूरोलाजिस्ट डॉ. राहुल भार्गव ने बताया कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, जिसमें संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और धूम्रपान न करना शामिल है। 50 वर्ष की आयु के बाद नियमित जांच करवाएं और अपने डॉक्टर से जोखिम कारकों पर चर्चा करें।

धूम्रपान और शराब छोड़ें, नियमित व्यायाम करें, हफ्ते में कम से कम 150 मिनट मध्यम व्यायाम करें, जैसे पैदल चलना, साइकिल चलाना या तैराकी। यह वजन नियंत्रित रखने में भी मदद करता है।



## खबर संक्षेप

### रतनपुरिहा कसौधन वैश्य गुप्ता समाज ने मनाई महर्षि कश्यप जयंती



**बिलासपुर।** रतनपुरिहा कसौधन वैश्य गुप्ता समाज नगर इकाई ने कसौधन भवन पचरीघाट में महर्षि कश्यप जयंती मनाई। इसमें कश्यप ऋषि की आरती करने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। आरती के दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। इस अवसर पर नगर समाज के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सचिव रामायण गुप्ता, महेन्द्र गुप्ता, रामगोपाल गुप्ता, बद्रीप्रसाद गुप्ता, मनोहर गुप्ता, महेश गुप्ता, विनोद गुप्ता, आलोक गुप्ता, संतोष गुप्ता, लल्लू गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, संजय गुप्ता, राजू गुप्ता, गिरीश गुप्ता, महिला मंडल गुप्ता समाज की सीमा गुप्ता, ज्योत्सना गुप्ता, जया गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, रश्मि गुप्ता सहित पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जेएमपी कॉलेज की सहायक प्राध्यापक सस्मिता ने की पीएचडी

**बिलासपुर।** शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में पदस्थ सहायक प्राध्यापक सस्मिता बरगाह ने अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय से पीएचडी शोध पूर्ण किया है। उन्होंने शासकीय महाविद्यालय कोटा की प्राचार्या डॉ. नाज बेंजामिन के निर्देशन में समाज विज्ञान संकाय में यह उपाधि हासिल की। उनका विषय राजनीति विज्ञान के अंतर्गत 21वीं सदी में भारत नेपाल संबंध राजनैतिक सामाजिक आर्थिक परिप्रेक्ष्य है। उन्होंने अपनी उपाधि का श्रेय गुरुजनों, परिजन और मित्रों को दिया है।



### सीए फाइनल के दोनों ग्रुप की परीक्षा उत्तीर्ण की हर्ष ने

**बिलासपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने सीए फाउंडेशन, इंटरमीडिएट एवं फाइनल के रिजल्ट जारी किया। वैशाली नगर फेस-2 निवासी बल्लभ दास मूंदड़ा और श्रीमती पार्वती देवी मूंदड़ा का पोता एवं सोनू मुंदड़ा और पूजा मुंदड़ा के बेटे हर्ष मुंदड़ा ने सीए फाइनल के बोथ ग्रुप की परीक्षा पहली बार में ही उत्तीर्ण कर और सिटी में टॉपर रहे। उन्होंने कुल 397/600 अंक प्राप्त किया है। उन्हें 5 विषयों में एग्जामेशन मिला। हर्ष अभी मुंबई के पाठक एचडी एंड एसोसिएट्स से अपनी आर्टिकलशिप कर रहे हैं। हर्ष ने बताया कि उनकी छोटी बहन भी जनवरी 2025 के सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में सिटी टॉपर रहीं हैं। हर्ष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, शिक्षकों और दोस्तों को दिया है। उन्होंने बताया कि स्टडी लीव के दौरान उनके माता पिता और बहन ने उन्हें प्रोत्साहित कर उनका हौसला बढ़ाया।



### उच्च शिक्षा के लिए रूस रवाना हुईं महक



**बिलासपुर।** महक इलेक्ट्रॉनिक स्वामी सुमित बंसल की सुपुत्री और संचालिका महक बंसल उच्च शिक्षा के लिए रूस के कैमोरोवो यूनिवर्सिटी रवाना हो गईं। वह रूस में एमबीबीएस की पढ़ाई करेंगी। महक अंतरराष्ट्रीय विमान से रवाना हो गई। परिवारजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देकर उनके सफल कैरियर की कामना की है।

### डबरीपारा में परमेश्वरी महोत्सव में की गई संध्या आरती

**बिलासपुर।** डबरीपारा चांटीडीह स्थित मां परमेश्वरी भवन मे गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन चल रहा है। यह आयोजन का आठवां वर्ष है, जिसमे पहला दिन माता की भव्य आगमन के साथ मूर्ति स्थापना करने के पश्चात संध्या आरती के बाद मातारानी की भव्य जगराता श्याम दीवाना ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के सभी कार्यकर्ता एवं महिला संगठन जोरो से लगे हुए है।



### शहर कांग्रेस कोषाध्यक्ष के पिता को विस नेता प्रतिपक्ष ने दी श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** शहर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने शहर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष नसीम खान के तोरवा स्थित निवास पहुंचकर परिजन से मुलाकात कर उनके पिता अजीजुलहक 87 वर्ष के निधन पर शोक व्यक्त किया। नसीम खान के पिता का निधन 28 अक्टूबर को हुआ था। इस अवसर पर डॉ. महंत के साथ कांग्रेस नेता एवं नागरिक बैंक अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री प्रशांत मिश्रा, पूर्व महापौर रामशरण यादव, पूर्व विधायक मोती देवांगन, राकेश शर्मा, अनिल शुक्ला, त्रिलोक श्रीवास, बम्हदेव सिंह ठाकुर, श्रीमती शिल्पी तिवारी, पार्षद इब्राहिम खान, राजा व्यास, महेश सिह, बंटी आदि उपस्थित रहे।

---

**साल की पहली तिमाही तक अनुशंसा का नियम** | **बिलासपुर विधायक की भी 70 फीसदी निधि खर्च**

# अटल, दिलीप व धर्मजीत की पूरी राशि जारी, चार माह बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह एवं मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने 2.96 करोड़ की अनुशंसा जारी कर अपनी-अपनी इस साल की विधायक निधि का शत प्रतिशत हिस्सा खर्च कर लिया है। इसी तरह बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल भी 2.04 करोड़ की अनुशंसा जारी कर चुके हैं। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने फिलहाल अपना खाता नहीं खोला है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के आठ महीने बीत चुके हैं, वहीं चार महीने का समय शेष है। जिले की छह विधानसभा में विधायकों द्वारा भी क्षेत्र की प्राथमिकता एवं जरूरतों के आधार पर अपनी-अपनी विधायक निधि से कार्यों को अनुशंसा जारी की गई है। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा अपनी विधायक निधि की शत प्रतिशत राशि 2.96 करोड़ रूपए की अनुशंसा जारी कर दी गई है। इसके अंतर्गत उन्होंने सीसी रोड निर्माण, मुरूमीकरण, सामुदायिक भवन, प्रकाश व्यवस्था, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को शव फ्रीजर एवं पानी टेंकरों की उपलब्धता शामिल है। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया द्वारा भी अपनी 2.96 करोड़ की निधि की अनुशंसा जारी की जा चुकी है। इसके अंतर्गत सामुदायिक भवन, बोर खनन एवं सीसी रोड सहित विभिन्न कार्य शामिल हैं। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह द्वारा अपनी विधायक निधि का शत प्रतिशत हिस्सा खर्च करते हुए 2.96 करोड़ की अनुशंसा प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने सामुदायिक भवन, सीसी रोड एवं मंच निर्माण सहित विभिन्न कार्यों के लिए राशि जारी की है। इनके द्वारा अनुशंसा जारी करने के बाद कुछ सामुदायिक भवनों के लिए प्रस्तुत की गई फाईल वनभूमि का प्रकरण होने के कारण निरस्त की गई है, जिनका समाधान होने के बाद पुनः प्रकरणों पर विचार किया जा सकेगा।

**खास खबर**

बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल के द्वारा अपनी निधि से 2.04 करोड़ की अनुशंसा की जा चुकी है। इसके अंतर्गत सामुदायिक भवन, आदर्श इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्मार्ट क्लास सहित विभिन्न जनहित के कार्य शामिल हैं। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला द्वारा फिलहाल 86 लाख रूपए की अनुशंसा जारी की गई। इसके अंतर्गत सामुदायिक भवन एवं मंच निर्माण सहित विभिन्न कार्य शामिल हैं। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक द्वारा फिलहाल किसी भी कार्य के लिए अनुशंसा जारी नहीं की गई है। बिल्हा विधानसभा दो जिलों का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें बिलासपुर एवं मुंगेली शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि विधायकों को प्रतिवर्ष विधायक निधि के रूप में 2.96 करोड़ की राशि दी जाती है, जिसका उपयोग उनके द्वारा अपनी विधानसभा क्षेत्र में जनहित के कार्यों के लिए किया जाता है। शासन की गाईडलाईन के अनुसार वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने के बाद पहली तिमाही में ही विधायकों की ओर से सारी अनुशंसाएं प्राप्त हो जाने का उल्लेख है, लेकिन विभिन्न कारणों के चलते इसमें कभी-कभी विलंब भी हो जाता है।

### प्रभारी मंत्री ने सिर्फ बिलासपुर विधानसभा को दी राशि

विधायक निधि के अलावा विधायकों के लिए उनकी विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रभारी मंत्री की ओर से भी सालाना एक करोड़ की राशि अनुशंसित की जाती है। बिलासपुर जिले की छह विधानसभा सीटों में बिलासपुर विधानसभा ही एकमात्र ऐसी सीट है, जिसके लिए प्रभारी मंत्री के द्वारा एक करोड़ रूपए के कार्यों की अनुशंसा की गई है।

### पहली तिमाही में मिलनी चाहिए अनुशंसा

शासन की गाईडलाइन के अनुसार वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने की पहली तिमाही तक विधायकों से अनुशंसा प्राप्त हो जानी चाहिए। इस संबंध में समय-समय पर विधायकों से अनुरोध किया जाता है।

**-एनके नेताम**, उप संचालक, योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

---

**8 हजार 359 प्राइवेट विद्यार्थियों ने भरा आनलाइन पंजीयन फार्म**

# अटल विवि में इस साल घट गए 5 हजार प्राइवेट विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी में प्राइवेट विद्यार्थियों की संख्या घट गई है। इस सत्र केवल 8 हजार 359 प्राइवेट विद्यार्थियों ने आनलाइन पंजीयन फार्म भरा है, जबकि पिछले साल 13 हजार 418 प्राइवेट विद्यार्थियों ने फार्म भरा था। इस तरह से पिछले साल की तुलना में इस बार यूनिवर्सिटी में 5 हजार 59 विद्यार्थी कम हो गए हैं, जबकि आनलाइन फार्म भरने जो तिथि बढ़ाई गई थी वह भी समाप्त हो गई है।



उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्राइवेट परीक्षार्थियों के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तहत स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति लागू की गई है। इस नीति के अंतर्गत अटल यूनिवर्सिटी ने अपने प्रवेश पोर्टल में 31 अगस्त तक प्राइवेट विद्यार्थियों ने आनलाइन पंजीयन फार्म भराया था। निर्धारित तिथि केवल 6 हजार 190 प्राइवेट विद्यार्थियों ने फार्म भरा था। इसलिए प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए फार्म भरने की तिथि बढ़ाए जाने की मांग उठ रही थी। इसलिए छात्रहित में उच्च शिक्षा विभाग ने पिछले माह 31 अक्टूबर तक प्राइवेट विद्यार्थी के रूप में फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी थी जो अब समाप्त हो गई है। पंजीयन फार्म की तिथि बढ़ाए जाने के बाद करीब 2 हजार और प्राइवेट विद्यार्थियों ने आनलाइन फार्म भरा है। इस सत्र कुल 8 हजार 359 प्राइवेट विद्यार्थियों ने फार्म भरा है, जबकि पिछले साल 13 हजार 418 छात्र-छात्राओं ने फर्स्ट ईयर में प्राइवेट विद्यार्थी के रूप में फार्म भरा था। पिछले साल की तुलना में इस बार प्राइवेट विद्यार्थी अटल यूनिवर्सिटी में घट गए हैं और पिछले साल की अपेक्षा इस सत्र 5 हजार 59 प्राईवेट विद्यार्थी कम हैं।

### नई शिक्षा नीति चलते काफी बदलाव

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश में पिछले शिक्षा सत्र से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू किया है। इससे कालेजों की शिक्षा में काफी आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद कालेजों में रेगुलर स्टूडेंट्स का सेमेस्टर सिस्टम से अध्ययन-अध्यापन हो रहा है। दूसरी तरफ इसके अंतर्गत नई स्वाध्यायी नीति लाई गई है, जिसमें प्राईवेट की पुरानी व्यवस्था में काफी बदलाव किया गया है।

### पहले रेगुलर की तरह रहती थी भीड़

स्नातक या स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में जो छात्र-छात्राएं रेगुलर विद्यार्थी के रूप में कॉलेजों में एडमिशन नहीं ले पाते हैं, उनके लिए कालेज की पढ़ाई पूरा करने तथा डिग्री प्राप्त करने के लिए प्राइवेट परीक्षा एक विकल्प होता है। इसलिए पूर्व में प्राइवेट विद्यार्थियों की संख्या भी काफी अधिक होती थी। स्नातक व स्नातकोत्तर दोनों ही पाठ्यक्रमों में प्राइवेट परीक्षार्थियों की संख्या लगभग रेगुलर छात्रों के समान रहती थी।

### इंटर्नल व क्लास अटेंड करने का झंझट

राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति अंतर्गत प्राइवेट के रूप में पंजीयन कराने वाले विद्यार्थियों को भी रेगुलर स्टूडेंट्स की तरह कुछ दिनों का क्लास अटेंड करना है और इंटर्नल एग्जाम भी दिलाना पड़ेगा। स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए स्नातक पाठ्यक्रम यूनिवर्सिटी के अध्यादेश चार वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम के अनुसार अध्यादेशित होंगे। सभी राजकीय यूनिवर्सिटी एवं गवर्नमेंट कालेजों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के कारण एकरूपता लाने के लिए स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए यह नीति लागू किया गया है। इसके अनुसार स्वाध्यायी विद्यार्थियों को भी दो बार इंटर्नल एग्जाम दिलाना होगा और उनका भी असाइनमेंट होगा।

### प्रेक्टिकल लैब वर्क अनिवार्य

प्रायोगिक विषयों के स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए सेमेस्टर एग्जाम के 45 दिवस पूर्व प्रेक्टिकल क्लास, लैब वर्क का संचालन अनिवार्य रूप से किया जाना है और पाठ्यक्रम के आधार पर प्रायोगिक कार्य पूर्ण कराना है। प्रत्येक स्वाध्यायी विद्यार्थी को 30 घंटे की प्रैक्टिकल क्लास, लैब वर्क करना है जो एक क्रेडिट के बराबर होगा।

---




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व स्वयंसेवक।

# सेजेस कॉलेज में आयोजित हुआ ओरियंटेशन प्रोग्राम

**विद्यार्थियों को दी गई एनएसएस की जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नए स्वयंसेवक के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम के आयोजन में विद्यार्थियों को एनएसएस के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर मनोज सिन्हा, विशेष अतिथि डॉक्टर कांति आंचल, डॉक्टर आरके सचदेव, अध्यक्ष डॉक्टर यूके श्रीवास्तव, प्राचार्य एवं प्रोग्राम ऑफिसर एलके गवेल उपस्थित रहे। डॉक्टर यूके श्रीवास्तव ने एनएसएस के सभी छात्रों को एनएसएस से जुड़ने एवं भावी भविष्य की शुभकामनाएं दी। डॉ.आर सचदेव ने एनएसएस बैच का व्याख्यान किया। अधिकारी जिला संगठक डॉक्टर श्रीमती कांति अंचल ने एनएसएस में होने वाले विभिन्न शिविरों, कैंप एवं एबीसी सर्टिफिकेट के बारे में प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉक्टर मनोज सिन्हा विश्वविद्यालय समन्वयक अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय,राजकीय एवं जिला स्तरीय पद पर आसीन महानुभावों का परिचय देकर स्वयंसेवकों को सात दिवसीय कैंप के बारे में एवं स्वयंसेवकों को आगे बढ़ने हेतु मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों के द्वारा एनएसएस गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की गई। स्वयं सेविका कुमारी हिमांशी ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं स्वयं सेवकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

## वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर होंगे वर्षभर कार्यक्रम

**बिलासपुर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा वर्षभर राज्यभर में विविध कार्यक्रमों होंगे। जिले में इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने संबंधित विभागों को इस संबंध में तैयारियों के निर्देश दिए हैं। आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के माध्यम से देशभक्ति, एकता और सांस्कृतिक गौरव की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। आयोजन चार चरणों में संपन्न होगा। पहला चरण 7 से 14 नवम्बर, दूसरा चरण 19 से 26 जनवरी 2026, तीसरा चरण 8 से 15 अगस्त, चौथा चरण 1 से 7 नवम्बर तक होगा। पहले चरण का शुभारंभ 7 नवम्बर को किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सभी जिलों में प्रसारित किया जाएगा। इस अवसर पर जिलेभर में सांस्कृतिक और जनभागीदारी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। जिले के साथ ही जनपद स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर भी इस अवसर पर विभिन्न आयोजनों के निर्देश दिए गए हैं। शैक्षणिक संस्थानों में देशभक्ति गीत, नृत्य, निबंध, वाद-विवाद, चित्रकला, पोस्टर निर्माण, कवि सम्मेलन तथा लघु फिल्म प्रदर्शन जैसे विविध कार्यक्रम होंगे।

## एसबीआई ने डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट का चलाया अभियान



**बिलासपुर।** भारत सरकार के पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग डीओपीपीडब्ल्यू के चलाए जा रहे डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट डीएलसी 4.0 अभियान के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं में उत्साहपूर्ण दृश्य देखने मिल रहा है। इसके तहत वरिष्ठ सलाहकार मनोज कुमार तिवारी ने शहर की विभिन्न एसबीआई शाखा कलेक्टोरेट, एसईसीएल, रेलवे कालोनी, मुख्य शाखा और सरकंडा शाखा का निरीक्षण कर अभियान के प्रगति की समीक्षा कर पेंशनभोगियों एवं बैंक स्टाफ से संवाद किया। उन्होंने कहा कि देश जिस तीव्रता से डिजिटल रूपांतरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है, वह अभूतपूर्व है। यह अभियान केवल तकनीक नहीं, बल्कि सम्मान, सुविधा और सशक्तिकरण का प्रतीक है।

## माध्यमिक शिक्षा मंडल की डीएलएड ब्लू प्रिंट निर्माण कार्यशाला

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर एवं परख, एनसीईआरटी नई दिल्ली के संयोजन में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के मंशानुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पूरे भारत देश में सभी बोर्ड की परीक्षा प्रश्नपत्रों में एकरूपता लाए जाने की पहल की जा रही है।

इसी अनुक्रम में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रेणु पिल्ले के संरक्षण एवं सचिव श्रीमती पुष्पा साहू के आदेशानुसार एनसीईआरटी नई दिल्ली, परख विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.इंद्राणी भादुरी के निर्देश पर उपसचिव विद्योचित डॉ.बी रघु के मार्गदर्शन में एवं श्रीमती प्रीति शुक्ला प्रभारी उपसचिव प्रशानिक के सहयोग से तीन दिवसीय डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के ब्लूप्रिंट निर्माण प्रशिक्षण सह-कार्यशाला मण्डल कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। विषय प्रवेश के पूर्व शिक्षा के उद्देश्यों पर प्रासंगिक चर्चा की गई पाठ्यक्रम का ज्ञान प्रश्न पत्र निर्माण एवं मॉडरेशन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सहायक प्राध्यापक डॉ.प्रदीप कुमार साहू, श्रीमती मनीषी सिंह, श्रीमती शिवा सोमवंशी, श्रीमती अलका जैन, संयोजक अहर्लिश पॉल, प्राचार्य डॉ.रीता चौबे, डॉ.माधुरी बोरकर ने प्रशिक्षण प्रदान करते हुए कार्यशाला सहप्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुणवत्तायुक्त प्रश्नपत्र निर्माण करने के लिए ब्लूप्रिंट की ज्ञान व जानकारी आवश्यक है। शासकीय बुनियादी प्रशिक्षण संस्था बिलासपुर से डॉ.अशोक कुमार गुप्ता एवं अहर्लिष पाल प्राचार्य ने ब्लूप्रिंट निर्माण कार्यशाला में सहभागिता प्रदान किया। इस दौरान डॉ.निर्मला तिवारी, डा. नीलू तिवारी. राजेश शर्मा, दिलीप शर्मा, श्रीमती मनीषा गुप्ता, श्रीमती शिखा श्रीवास, श्रीमती अर्पणा लाल, अनुराग अनुराग, परितोष वाजपेई, राजेश कश्यप, राजेंद्र श्रीवास, संतोष तिवारी, राजेश कश्यप आदि मौजूद थे।

---

# रेल हादसे में घायलों से मिले नगर विधायक अमर

**बिलासपुर।** मंगलवार को लालखदान क्षेत्र में हुए दर्दनाक रेल हादसे में घायल हुए लोगों से नगर विधायक अमर अग्रवाल ने अरपा मेडिसिटी, रेलवे अस्पताल, सिम्स और अपोलो अस्पताल में जाकर मुलाकात कर उनका हाल जाना।



श्री अग्रवाल ने चारों अस्पतालों में उपचाररत मरीजों की स्थिति की जानकारी लेते हुए अस्पताल प्रबंधन एवं डॉक्टरों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को निर्देशित किया। नगर विधायक ने घायलों के परिजनों से भी मुलाकात की और उन्हें सांत्वना देते हुए कहा कि राज्य सरकार और प्रशासन घायलों की हर संभव मदद कर रही है। अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और सरकार द्वारा मिल रही सहायता पर अपनी संतुष्टता व्यक्त की।

हादसे में 17 लोग घायल हुए हैं। इसमें से तुलाराम अग्रवाल, आराधना निषाद, नीरज निषाद सहित 6 लोग अभी विशेष चिकित्सा निगरानी में है। इस हादसे में देवरीखुर्द का डेढ़ वर्ष का मासूम बालक भी हताहत हुआ है। अमर अग्रवाल ने अस्पताल में उस बच्चे की बुआ से मुलाकात कर उनसे संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया।

उन्होंने हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु कामना करते हुए उनके परिवारजनों को इस कठिन घड़ी में धीरज रखने की प्रार्थना की ।

# सीयू में छात्र-छात्राओं ने मृत छात्रा व प्रोफेसर मिश्रा को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यूनिवर्सिटी इकाई द्वारा गुरुवार यूनिवर्सिटी परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। रेल हादसा में यूनिवर्सिटी की एक छात्रा की मौत हो गई थी, वहीं यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर की भी मृत्यु हो गई है। छात्र-छात्राओं ने इन दोनों दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के बॉटनी विभाग के प्रो. नरेन्द्र कुमार मिश्रा की करीब चार दिनों पहले तबियत बिगड़ी और सुबह उनके घर के दरवाजा तोड़कर उन्हें एम्बुलेंस से सिम्स पहुंचाया गया, जहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। इसके अलावा यूनिवर्सिटी के बॉटनी डिपार्टमेंट की ही बीएससी की छात्रा प्रिया चंद्रा का निधन हाल के रेल हादसा में हो गया। इन दोनों के ही असामयिक मृत्यु से यूनिवर्सिटी के शिक्षक सहित छात्र-छात्राएं शोक संतप्त हैं। इन दोनों ही दिवंगत आत्माओं के शांति के लिए आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यूनिवर्सिटी इकाई द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद यूनिवर्सिटी इकाई मंत्री प्रसून पाठक ने कहा कि डॉ. नरेन्द्र कुमार मिश्रा एक उत्कृष्ट शिक्षक और सरल व्यक्तित्व के धनी थे, उनका निधन यूनिवर्सिटी परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। इसी तरह रेल दुर्घटना में दिवंगत यूनिवर्सिटी की छात्रा प्रिती चंद्रा के प्रति भी हम अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना है कि वह शोकग्रस्त परिवार को इस दुख घड़ी में शक्ति प्रदान करें।

### सूर्या पुष्पा फाउंडेशन ने दी मृत यात्रियों को श्रद्धांजलि



श्री सूर्या पुष्पा फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने अरपा रिवर व्यू में मोमबत्ती जलाकर रेल दुर्घटना में मृत हुए यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहां मौजूद सभी की आंखें नम थीं।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 7 नवंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## वन्दे मातरम संगठन समरसता धर्म सरंक्षण की बना पहचान



**बिलासपुर।** वन्दे मातरम मित्र मंडल छत्तीसगढ़ में पिछले चार वर्षों से हिन्दू समाज के संगठन, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण के लिए सतत कार्यरत है।

जाति, संप्रदाय, आचार्य, शंकराचार्य अथवा विभिन्न पंथों में बंटे हिन्दू समाज को एकजुट कर, समाज में एकता और सम्मान की भावना स्थापित करना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है। अब तक 221 साप्ताहिक बैठकें आयोजित हो चुकी हैं,वर्तमान में शहर की पाँच शाखाएँ सक्रिय हैं। प्रत्येक बुधवार को कोर कमेटी की बैठक आयोजित होती है। साप्ताहिक बैठकों में औसतन 150–200 सदस्य सहभागी होते हैं।

राजधानी रायपुर में मार्च से नियमित साप्ताहिक बैठकें जारी हैं। अब तक आठ यात्राएँ सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी हैं,पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से लव जिहाद और धर्मांतरण के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई है। हेमू नगर स्थित सफाई कर्मचारी बस्ती में भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण कराया गया।

# 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान हवन यज्ञ का समापन

**बिलासपुर।** जैन मंदिर में सुबह छह बजे सर्वप्रथम श्री जी का अभिषेक और शांति धारा की गई। चूंकि विधान का आखिरी दिन था इसलिए विशेष विशेष रूप से सरस्वती पूजन किया गया। ललितपुर से पधारे विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी मनोज भैया एवं पंडित मधुर जी जैन ने बड़े ही सरल तरीके से विधान की व्याख्या करते हुए इस अनुष्ठान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

पूजन के पश्चात और हवन प्रारम्भ करने के पूर्व विधानाचार्य ने बताया कि जैन परंपरा में पूजा, उपासना का विशेष महत्व है, जिनमें से सिद्धचक्र महामंडल विधान की और भी अधिक महिमा है। उन्होंने इस विधान की महिमा बताते हुए कहा कि यह एक ऐसा अनुष्ठान है जो हमारी जीवन के समस्त पाप-ताप और संताप को नष्ट कर देता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को हमेशा समता भाव से कर्म पर विजय प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए, लड़ झगड़ कर नहीं। जब भी साधु-संत और जिनवाणी का सानिध्य मिले तो देरी न करें, तत्काल उनकी वाणी को ग्रहण करें। साधु संतों के दर्शन व आशीर्वाद से जीवन में काफी परिवर्तन आता है। वही मनुष्य अपने जीवन को धन्य बना सकता है, जो जीवन में निष्कपट भाव से गुरु की सेवा करता है।

विश्व शांति तथा प्राणीमात्र की सुख-समृद्धि व कल्याण की मंगल कामना के साथ प्रवीण शकुन जैन, प्रशांत जिमी जैन, विहान, टियारा एवं समस्त परिवार द्वारा श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर क्रांतिनगर में प्रारम्भ हुआ श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान हवन यज्ञ के साथ संपन्न हुआ। अनुष्ठान के प्रथम दिन आठ अर्घ के साथ प्रारंभ एवं प्रतिदिन द्विगुणित होते हुए आठवें दिन 1024 श्लोकों के साथ अर्घ समर्पित किए गए। इस प्रकार आठ दिन में कुल 2040 अर्घ चढ़ाये गए और जैन समाज का सबसे बड़ा विधान सम्पन्न हुआ।

**शुद्ध भाव से अनुष्ठान करने से गृहस्थी के समस्त पाप-ताप और संताप नष्ट हो जाते हैं**



### भक्ति की बयार बही

आचार्य विद्यासागर के चरणों में कोटिश वंदन करते हुए भजनों के माध्यम से श्रावक-श्राविकाओं ने अपनी भक्ति भावना प्रस्तुत की। आठ दिवसीय आयोजन में भक्ति की बयार बही और आचार्यश्री विद्यासागर के बताए मार्ग पर चलते हुए समग्र समाज के महिला और पुरुषों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। समाज के लोगों में भक्ति एवं उत्साह की ऐसी बयार बही कि विधान में शामिल धर्मानुरागियों ने दो हजार से ऊपर जाप की माला पूर्ण कर ली। विधान संपन्न होने के उपरान्त विधानाचार्य ने सभी श्रद्धालुओं से कहा कि सभी को नियम दिलवाया कि चाहे जीवन में कितनी भी विषम परिस्थिति आ जाए, कोई भी आत्महत्या नहीं करेगा और उसका विचार भी मन में नहीं लाएगा।

### रंग मंच के कलाकारों ने किया अभिनय

जैन शास्त्र अनुसार 24 में से 20 तीर्थंकर परमात्मा सम्मेद शिखर की विभिन्न चोटियों से निर्वाण को प्राप्त हुए हैं। यह पवित्र स्थल 'सिद्धिक्षेत्र' भी कहलाता है, इस महान एवं पवित्र भूमि के दर्शन मात्र से ही कर्मों का क्षय होता है। सायंकालीन आरती के पश्चात टीकमगढ़ से आये रंग मंच के कलाकारों ने श्रीपाल - मैनासुंदरी के जीवन को बहुत ही मार्मिक तरीके से प्रस्तुत किया गया। हजारों साल पहले मैना सुंदरी नामक महिला ने पहली बार सिद्ध चक्र महामंडल विधान किया था और इसे करने से उसके पति श्रीपाल के साथ-साथ सारे गांव का कुष्ठरोग ठीक हो गया था।



कार्यक्रम

## गोपालकाला कार्यक्रम पर लगाया गया छप्पन भोग, गाए भजन



**बिलासपुर।** कार्तिक पूर्णिमा पर टिकरापारा में भगवान श्री कृष्ण का भोग गोपालकाला एवं छप्पन भोग कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

रेल्वे महाराष्ट्र मंडल की महिला इकाई भगिनी मंडल रामदास नगर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने भजन कीर्तन गाए। श्रीकृष्णजी को गोपाल काला का प्रसाद बीच में रखकर महिलाओं द्वारा गीत गाते, नाचते हुए गोल फेरे लिए गए। मीठा मसाला पान का भी नैवेद्य दिया गया। सज्जा व सजावट अनिता व स्वाती खेडकर ने किया। पिनाक प्राजक्त चौधरी एवं प्राण मोरे श्रीकृष्ण की वेशभूषा में रहे। गोपाल काला का प्रसाद स्वाती जोशी, प्रीति पानसे, सीमा जोगलेकर, पद्मा शिवणकर एवं स्नेहल नानोटी ने बनाया। संचालन भगिनी मंडल की अध्यक्षा शुभांगी शेखर मोने ने किया। इस अवसर पर सचिव वंदना जोशी सहित भगिनी मंडल की सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

धर्मक्षेत्र

## श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ में महापौर पूजा ने कथा का किया श्रवण



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज और समग्र ब्राह्मण एकता मंच के संयुक्त तत्वाधान में श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ हो रहा है जिसमें गुरूवार को विधायक अमर अग्रवाल लाल बहादुर शास्त्री स्कूल के पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन में पहुंचे। श्रद्धेय अमर कृष्ण जी महराज के श्री मुख से कथा वाचन का श्रवण किया। बुधवार को महापौर पूजा विधानी, नगर निगम सभापति विनोद सोनी ने भी कथा श्रवण किया। कथा में तीन देवियां मां दुर्गा,मां लक्ष्मी, मां सरस्वती प्रकट हुई कथा में उपस्थित सभी भक्तजनों भाव विभोर होकर पूजा आरती की। सभी भक्तजनों से आग्रह है कि वे परिवार सहित इस पावन कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

- प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज और समग्र ब्राह्मण एकता मंच का आयोजन

कार्यक्रम

## दीपावली मिलन में तोरण बनाओ प्रतियोगिता



**बिलासपुर।** श्री चन्द्रपुरिहा कसौधन वैश्य समाज गुप्ता महिला मण्डल द्वारा को दीवाली मिलन के कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक कसौधन भवन करबला रोड में किया गया। हमारी अध्यक्षा मधु गुप्ता, सचिव वीणा बबली गुप्ता और कोषाध्यक्ष शिल्पा गुप्ता द्वारा इस कार्यक्रम में रियल के फूल और पत्तियो से तोरण बनाओं कॉम्पिटिशन रखा गया है। जिसकी विजेता ज्योति गुप्ता,द्वितीय पुरुस्कार अंजू गुप्ता सभी पूर्वाध्यक्षा एवं सभी सदस्यों ने महर्षि कश्यप गत्रऋषि की पूजा अर्चना कीए। विभिन्न प्रकार के आकर्षक गेम्स एवं हौजी में सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी ने खूब मौज मस्ती से इस दीपोत्सव के पर्व को मनाया। पनचुवल की विनर शारदा रमेश गुप्ता,सावित्री गुप्ता इस कार्यक्रम की होस्ट थी ललिता शाह, मंजू शाह, गायत्री अजय गुप्ता, पूर्णिमा अश्वनी, किरण गुप्ता, मधू राकेश गुप्ता संगीता रवि गुप्ता, शारदा रितेश गुप्ता सहित अन्य महिला मौजूद रही।

**चावल से बने पकवानों के लगाए गए भोग, सुख-शांति की कामना**

## अगहन के पहले गुरुवार को की गई मां लक्ष्मी की पूजा



**बिलासपुर।** अगहन के पहले गुरुवार को महिलाओं ने भोर में उठ कर मां लक्ष्मी की पूजा की एवं बेसन, चावल आटा से बने पकवानों के भोग लगाए। आरती कर घर, परिवार में सुख-शांति रहने की कामना की।

माना जाता है कि अगहन मास के दौरान मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक में भ्रमण करती हैं। वे विशेष रूप से ऐसे घरों में प्रवेश करती हैं, जहां स्वच्छता, सच्चाई, ईमानदारी और आध्यात्मिक वातावरण होता है। गुरुवार को मां लक्ष्मी का दिन माना जाता है, इसलिए इस पूजा को मानने वाले घरों में इस दिन घर के द्वार से लेकर पूजा स्थल और तुलसी चौरा तक नए चावल के आटे से लक्ष्मी के पदचिंह एवं अल्पना सजाए गए। सुबह-सुबह घर के दरवाजे खोलकर दीप प्रज्वलित कर मां लक्ष्मी के आगमन की कामना की गई। चरण चिह्नों के पास फूल अर्पित कर देवी का स्वागत किया गया।

### माह की शुरुआत व समापन दोनों गुरुवार को

6 नवंबर से अगहन माह की शुरुआत हुई। इसी दिन मास का पहला गुरुवार रहा। इस दिन घरों में महालक्ष्मी का पूजन किया गया। खास बात यह है कि अगहन मास का समापन 4 दिसंबर को गुरुवार के दिन ही हो रहा है। इस तरह इस मास में पांच गुरुवार को महालक्ष्मी का पूजन किया जाएगा।

### अलग-अलग भोग

गुरुवारी पूजा में प्रत्येक गुरुवार को अलग-अलग पकवानों के भोग लगाए जाएंगे। मां लक्ष्मी को लगाए जाने वाले भोग खासकर नया चावल से तैयार वाला पकवान रहता है। इसमें फरा, चीला सहित अन्य चीजें शामिल रहती है।

### एक दिन पहले हो जाती है तैयारी



इस पूजा को भोर में ही करने के कारण इसकी एक दिन पहले यानी बुधवार को ही पूरी तैयारी कर ली जाती है। दूसरे दिन गुरुवार को भोर में उठ कर महिलाएं हल्दी, आंवला पत्ता का लेप लगा कर स्नान करती हैं। फिर दरवाजा व पूजा स्थल में दीप प्रज्जवलित कर माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा की जाती है। इस दिन साबुन लगाने से परहेज किया जाता है। कई लोग व्रत भी रखती हैं।

## मौनी अमावस्या पर 1108 पार्थिव शिवलिंग का होगा महारूद्राभिषेक

**पोस्टर विमोचन के साथ शुरू हुई शिवरुद्राभिषेक महोत्सव की तैयारी**



**बिलासपुर।** आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम इस बार मौनी अमावस्या महापर्व 18 जनवरी को देखने को मिलेगा। इस पावन अवसर पर महात्मा श्री राम भिक्षुक धर्म जागरण सेवा समिति द्वारा 1108 पार्थिव शिवलिंग महारूद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन साइंस कॉलेज ग्राउंड, सरकंडा में संपन्न होगा। कार्यक्रम का यह शानदार तीसरा वर्ष है, जो शहर की धार्मिक पहचान और आध्यात्मिक संस्कृति को नई ऊंचाई दे रहा है। आयोजन की जानकारी गुरुवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी गई। इस अवसर पर समिति के प्रमुख संरक्षक डॉ विनोद तिवारी, डॉ ओम माखिजा, जवाहर सराफ, अपर्णा दास, जयश्री शुक्ला, डॉ प्रदीप शुक्ला, अरुण सिंह चौहान, सुधांशु मिश्रा, राजा शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए डॉ विनोद तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार और समरसता की भावना को मजबूत करना है।

### पोस्टर विमोचन

प्रेसवार्ता के दौरान कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। पोस्टर में कार्यक्रम की तिथि, स्थल और आयोजन की विस्तृत जानकारी दी गई है। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस भव्य आयोजन के लिए व्यापक तैयारियाँ चल रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राउंड पर पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि समाज में भक्ति, शांति और सद्भाव की भावना फैलाना है।भक्ति में एकता समाज में जागृति का संदेश शहर के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन को नई दिशा देने वाला यह कार्यक्रम अब अपनी पहचान बन चुका है। कार्यक्रम के आयोजक डॉ प्रदीप शुक्ला का कहना है कि "यह कार्यक्रम न केवल शहर की शोभा बढ़ा रहा है, बल्कि समाज में धार्मिक चेतना और सकारात्मकता का संचार भी कर रहा है। डॉ. शुक्ला का मानना है कि "धर्म केवल पूजा या अनुष्ठान का विषय नहीं, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। राजा शर्मा ने इस कार्यक्रम के बारे में बताया की यह कार्यक्रम समाज को भक्तिमय माहौल आत्मा को शांति और मन को स्थिरता प्रदान करता है, सिद्धांशु मिश्रा ने बताया की ये कार्यक्रम पुरे विश्व में बिलासपुर ही नहीं पुरे प्रदेश को एक पहचान देगा. होने वाबच्चों से लेकर बुजुर्ग तक, सभी इसमें भाग लेकर अपने भीतर की आस्था को नए रूप में अनुभव करते हैं।

## गायत्री परिवार की जन्म शताब्दी कार्यशाला 24- कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमिपूजन



**बिलासपुर।** जन्मशताब्दी संभागीय युवा कार्यशाला बहतराई स्टेडियम में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान एवं प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में एक दिवसीय जन्मशताब्दी संभागीय युवा कार्यशाला का पांचवा आयोजन सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर 8 जिलों से लगभग 2500 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर हजारों कार्यकर्ता जन्मशताब्दी के कार्य-योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु संकल्पित हुए, जिसमें विशिष्ट अतिथियों का मार्गदर्शन कलेक्टर संजय अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यकर्ताओं को नवयुग का संविधान, 18 सत सूत्रीय संकल्प एवं गायत्री मंत्र चादर, गायत्री मंत्र पट्टा के द्वारा सम्मान और अभिनंदन किया गया। युवा कार्यशाला को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले धनसाय बैगा, बी.आर.धुर्वे, एस.पी.चौहान कीर्ति, लखन श्रीवास सहित पूरे जिले के परिजन एवं संभाग के नैतिक, समर्पित सभी कार्यकर्ता भाई बहनों का विशेष सहयोग रहा। सफल आयोजन के लिए सभी परिजनों को, सक्रिय कार्यकर्ताओ, विशिष्ट अतिथियों और सहयोगियों को प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रमुख श्री ओमप्रकाश राठौर ने आभार व्यक्त किया।



### देवपूजन, दान और संगतिकरण का विशेष महत्व

शहर के गायत्री प्रज्ञापीठ लिंगियाडीह के रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में 5 से 8 दिसंबर को सम्पन्न होने जा रहे 24- कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम भी संपन्न किया गया। श्री द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा,प्रकाश पर्व पर शांतिकुंज, हरिद्वार के वरिष्ठ प्रतिनिधिगण जगदीश कुल्मी, प्रभाकांत तिवारी एवं जे.पी. सिंह शहर में चल रहे दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में पहुंचकर परम पूज्य गुरुदेव प.श्रीराम शर्मा आचार्य के दिव्य युग सन्देश में कहा कि यज्ञ कार्यक्रमों में देवपूजन, दान और संगतिकरण का विशेष महत्व है और अपने इष्ट के प्रति सम्पूर्ण समर्पण और अटूट विश्वास हनुमान जी की तरह होनी चाहिए, तभी हम लक्ष्य तक आसानी से पहुंच सकते हैं।

स्पोर्टर्स न्यूज

## स्टेल लेवल वॉलीबॉल में दो खिलाड़ियों का चयन



**बिलासपुर।** एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस के दो वॉलीबॉल खिलाड़ी का चयन राज्य स्तरीय वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता के लिए हुआ है, महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कांकेर की मेजबानी में खेल आयोजित था।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए सेक्टर वॉलीबाल टीम में एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस के खिलाड़ी दीपेंद्र कंवर बीबीए अंतिम वर्ष व गौरव यादव बीबीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। इन खिलाड़ियों का चयन इंटर कालेज प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल कौशल प्रदर्शन किया, जिस वजह से एलसीआईटी कॉलेज की टीम फाइनल तक का सफर तय की। इंटर कालेज वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता में उपविजेता बना था इन खिलाड़ियों के चयन होने पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सेक्रेटरी उपकार राय आदि असिस्टेंट प्रोफेसर ने शुभकामनाएं दी।

## एथलेटिक्स मीट वुमेंस लीग का आयोजन

जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा अस्मिता वुमेंस लीग का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता बेहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम में 10 नंववर को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी। इस एथलेटिक्स मीट का आयोजन जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा किया जा रहा है, जो छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ एवं एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावाधान में होगा।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बालिकाओं में एथलेटिक्स के प्रति रुचि बढ़ाना, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सामने लाना तथा उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का अवसर प्रदान करना है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से भारतीय खेल प्राधिकरण प्रतियोगिता वर्ग अंडर-14 बालिकाएँ,अंडर-16 बालिकाएँ के बीच मुख्य स्पर्धाएँ,अंडर-14 वर्गट्रायथलॉन 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊँची कूद,ट्रायथलॉन B 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, शॉटपुटट्रायथलॉन 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, 600 मीटर दौड़,अंडर-16 वर्ग जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉटपुट,60 मीटर, 600 मीटर, ऊँची कूद, लंबी कूद



जिले भर की प्रतिभाशाली बालिकाएँ भाग लेंगी। जिले के सभी बालिका खिलाड़ी ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से इस प्रतियोगिता में भाग ले सकती हैं।

## खबर संक्षेप

### तोमरवंशी गर्ग गोत्रज की बैठक संपन्न



**तखतपुर।** तोमरवंशी गर्ग गोत्रज की बैठक तखतपुर में आयोजित की गई। गुलाब सिंह ठाकुर सौजन्य से हुई बैठक में तोमरवंश, वंशावली के संयोजक उत्तम सिंह राजपूत की पुण्यतिथि 11 नवंबर को ग्राम झलियापुर में मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर बद्री सिंह, मनोज सिह, कौशल, बलराम, संतोष, ललित कोमल, भरत, डेरिड सिंह राजपूत, दिपक सिंह, रामकुमार, मन्नू सिंह, अतुल सिंह, बिष्णु सिंह, बागेश्वर सिंह, बरन सिंह आदि उपस्थित रहे।

### अनन्या ने उत्तीर्ण की सीए की परीक्षा

**तखतपुर।** नगर की अनन्या शिवहरे ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार एवं नगर का नाम रौशन किया है। अनन्या व्यवसायी मनोज शिवहरे की पुत्री एवं मदन गोपाल शिवहरे की पोती हैं। अनन्या शुरू से ही एक मेधावी छात्रा रही हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने दादा मदन गोपाल शिवहरे की प्रेरणा, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया है। उन्होंने बताया कि, दादा हमेशा उन्हें उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते रहे, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। अनन्या की सफलता पर परिवारजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### ममता को मिली पीएचडी की उपाधि



**मोपका।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में सेंदरी की ममता साहू ने डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। ममता को यह उपाधि डॉ वरुण द्विवेदी एवं डॉ श्वेता साव के मार्गदर्शन में पूर्ण किए गए शोधकार्य 'स्टडी ऑन लैक्टोबैसिलस बैक्टेरियोसीन फार प्रोडक्शन एंड कैरेक्टराइजेशन अगेंस्ट सम पैथोजनिक एंड फूड स्पाइलेज बैक्टीरिया' के लिए प्रदान की गई। ममता को कुलाध्यक्ष एवं राज्यपाल रामेन डेका की उपस्थिति में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के हाथों उपाधि प्रदान की गई।

### विश्व में सबसे पुरातन है आदिवासी संस्कृतिः शुक्ला



**दगोरी।** आदिवासी संस्कृति विश्व की सबसे पुरातन संस्कृति है एवं पूरे विश्व में इसकी सबसे ज्यादा आबादी है। यह पर्व आपसी प्रेम भाईचारा का प्रतीक है। उक्त बातें आदिवासी समाज की ओर से आयोजित ईशर गौरा पूजन महोत्सव में पूर्व मंडी व पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला ने कही। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी।आदिवासी गोड़ समाज की परंपराओं के अनुसार ईशर गौरा पूजन किया गया एवं विधि-विधान से गौरा-गौरी विवाह महोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं ने सुआ नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर समाज के पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष शिव चेचाम, मुंगेली जिला अध्यक्ष बिरेंद्र मरावी, भपेंद्र मरकाम, कमल मरावी, रामनाथ कतलम, धनुष मरावी, मोहन छेदइहा, ढेलूराम ध्रुव, महेश राम ध्रुव, मनहरन ध्रुव, कमल मरावी, महेश राम ध्रुव, सालकू मरकाम, दीनदयाल ध्रुव, संतराम, बिसाहू, हरदीप, अनिल, मनहरण ध्रुव, रायपंच रामकुमार ध्रुव, कौशल ध्रुव, राजू, द्वारिका, गीताराम, सुदाऊ राम, जानु बाई, सत्वांतिन, बाशन, तिहारा, श्याम कुंवर,जामुन, नीतू ध्रुव, दुर्गा लछन, मथुरा, उषा, लक्ष्मीन, तीजन, कुंती, साधमति, दुखिया महेश्वरी सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय जन महिलाएं व बालिकाएं मौजूद रहीं।

### राम जानकी मंदिर प्रांगण में संयुक्त परिवार सम्मेलन

**सेतगंगा-मुंगेली।** सेतगंगा स्थित राम जानकी मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में चार मंडलों सेतगंगा, दाबो, कोलिहा और फंदवानी का संयुक्त परिवार सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय से हुई, तत्पश्चात छत्रपति शिवाजी महाराज एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वैश्विक दृष्टिकोण पर प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित हुआ। संस्कृति व इतिहास पर आधारित रोचक गतिविधियों में छत्तीसगढ़ी कहावतें, प्रश्न अंताक्षरी और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। कुटुंब प्रबोधन के पश्चात गृह-संपर्क अभियान पर चर्चा हुई तथा आगामी हिंदू सम्मेलन की तिथि व रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आकाश परिहार-प्रीति परिहार, मनोहर यादव-कौशल्या यादव, आश्रित सिंह ठाकुर, कलेश्वर-ललिता साहू, मानिकलाल-रजनी सोनवानी, गुनगुन यादव, लाला-खोरबरहीन साहू, मनोहर-केवरा बाई मोहले, शिवकुमार उपाध्याय, दिलेश्वर गबेल, रामकुमार गबेल, वेंकटेश्वर कुर्मी, रोहित कुमार सागर, लालाराम साहू, जगमोहन मीरी, राम पूजन परिहार, भवानी-दुवसिया साहू, दादन सिंह तथा बिहारी गबेल सहित अनेक स्वयंसेवक परिवार उपस्थित रहे। मानिक लाल सोनवानी ने आभार प्रदर्शन किया एवं शांति पाठ के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

### अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी, मौत

**तखतपुर।** युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्र 13 बड़े बजार निवासी 22 वर्षीय देवराज सेमर उर्फ भानू पिता बिसन सेमर ने अज्ञात कारणों से अपने कमरे के पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



## खरीदी केंद्रों की तैयारियां प्रभावित, कर्मचारियों में रोष

# पर्यवेक्षक के नदारद रहने से किसान व समितियों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

15 नवम्बर से धान खरीदी की सरकारी घोषणा हो चुकी है एवं प्रत्येक सहकारी समितियां अपने-अपने धान खरीदी केंद्रों में आवश्यक तैयारियों में जुट गई हैं। लेकिन पथरिया क्षेत्र के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक के अक्सर नदारद रहने, और कोई कार्य पड़ने पर अपने गांव बुलाने से धान खरीदी केंद्रों एवं क्षेत्र की सहकारी समितियों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

विभाग से मिली जानकारी अनुसार, पथरिया क्षेत्र के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक सेतगंगा क्षेत्र के पूर्णकालिक पर्यवेक्षक हैं, जिन्हें पथरिया क्षेत्र का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सहकारी समितियों के अध्यक्षों और समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि, पर्यवेक्षक महीने में एक-दो बार ही आते हैं। ऐसे में किसानों के लोन, खाद बीज से सम्बंधिक दस्तावेजों सहित समितियों के आवश्यक कार्य निपटाने सेतगंगा जाना पड़ता है। सहकारी समिति लौदा के अध्यक्ष कलेश साहू का कहना है कि, पथरिया क्षेत्र के पर्यवेक्षक परदेशी राम कश्यप के नियमित उपस्थित नहीं रहने से कई तरह की तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है एवं इससे किसानों के हित प्रभावित हो रहे हैं।




### पर्यवेक्षक की उदासीनता से कर्मचारी बढ़े वेतन से वंचित

पथरिया क्षेत्र की दो दर्जन सहकारी समितियो में सैकड़ों कर्मचारी काम करते हैं, जिनके वेतन बढ़ोतरी एवं स्थापना के कार्य पर्यवेक्षक द्वारा ही संधारित किए जाते हैं। चूंकि पर्यवेक्षक पथरिया में नियमित नहीं बैठते है, इसलिए क्षेत्र के कर्मचारियों को बढ़ा वेतन नहीं मिल पा रहा है। जबकि मुंगेली, लोरमी क्षेत्र के कर्मचारियों को लगभग चार हजार बढ़ा वेतन मिल रहा है। इसको लेकर भी कर्मचारियों में रोष व्यपात है।

### धान खरीदी केंद्रों की तैयारी प्रभावित

सहकारी समिति के अध्यक्षों का कहना है कि, पर्यवेक्षक के नियमित नहीं बैठने से क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रो की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। 5 प्रतिशत की राशि निकालने पर्यवेक्षक के निरीक्षण और निर्देशन की आवश्यकता है, लेकिन उनकी अनुपस्तथिति में यह कार्य हो नहीं पा रहा है, खरीदी केंद्रों को आवश्यक सामग्री प्रदान करने में बाधा बनी हुई है।

पर्यवेक्षक का दो जगह चार्ज है इसलिए नियमित नहीं आते। वे समय-समय पर आते रहते हैं।

- **पोषण सोनी**, शाखा प्रबंधक सहकारी बैंक पथरिया

नियमित पर्यवेक्षक के नहीं आने के कारण समितियों को और किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उनके नियमित रहने की व्यवस्था होनी चाहिए।

- **सुखदेव वर्मा**, अध्यक्ष सहकारी समिति पथरिया

किसानों का सीधे मेरे से कोई काम नहीं है, और मेरी मूल शाखा सेतगंगा है। पथरिया शाखा से मेरा प्रभार हट गया है। वहां कर्मचारी नहीं होने के कारण मैं मदद करने के लिए कभी-कभी जाता हूं।

- **परदेशी कश्यप**, पर्यवेक्षक सेतगंगा



## दूसरों का जीवन बचाने रक्त की एक-एक बूंद जीवनदायिनीः रेवाशंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

ग्राम पंचायत पंधी के सामुदायिक भवन में रविवार को ग्राम पंचायत एवं हंसवाहिनी ब्लड बैंक सरकंडा के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गांव के युवाओं और नागरिकों ने मानवता का परिचय देते हुए शिविर में कुल 38 यूनिट रक्तदान किया, जो जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में मददगार सिद्ध होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू ने कहा कि, रक्तदान सबसे बड़ा दान है, क्योंकि यह किसी अनजान व्यक्ति के जीवन में नई उम्मीद जगाता है। इस प्रकार के आयोजन गांव में समाजसेवा की भावना को और मजबूत करते हैं। जब भी किसी को खून की जरूरत पड़ती है, तब उसे जीवन देने वाला वही व्यक्ति होता है, जो निस्वार्थ भाव से रक्तदान करता है। ग्राम पंचायत पंधी के सरपंच वीरेंद्र साहू ने कहा कि, रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं। यह ऐसा दान है, जो किसी की जान बचाकर सच्चे अर्थों में मानवता की सेवा करता है। हम सभी को अपने जीवन में कम से कम वर्ष में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में रक्तदाताओं को हेलमेट, इयरफोन, लर्निंग लाइसेंस के साथ अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सरपंच वीरेंद्र साहू, पंच लव यादव, अब्दुल कय्यूम खान, विनोद साहू, रामसजीवन साहू, केदारगिरी गोस्वामी, सुमेंद्र वर्मा, अंशु यादव, मनोज वर्मा, बल्लू यादव, नागेश सूर्यवंशी, अरुण श्रीवास, राजकुमार धुरी, अरविंद साहू, संतोष केवट सहित हंसवाहिनी ब्लड बैंक सरकंडा के डॉ साधराम यादव एवं उनकी टीम तथा ग्रामवासियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## चिन्मयानंद बापू की कथा में शामिल हुए तोखन



**लोरमी।** मानस मंच में आयोजित श्रीराम कथा आज के पांचवें दिन गुरुवार को कथा वाचक चिन्मयानंद बापू के श्रीमुख से कथा का श्रवण करने केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू कथा स्थल पहुंचे।

श्री साहू ने कथा का श्रवण कर चिन्मयानंद बापू से आशीर्वाद लिया। कथा कहते हुए चिन्मयानंद बापू ने कहा कि, हम भगवान की कथा भगवान को सुना रहे हैं। भगवान राम जगत को विश्राम देते हैं। वे जगत के कल्याण के लिए मां कौशल्या के पुत्र के रूप में समाज में प्रकट हुए। भगवान जन्म नहीं लेते प्रकट होते हैं। बापू ने कहा कि, युवाओं को चाहिए विनम्र व सरल बनें एवं मां-बाप तथा गुरुजनों की सेवा करें। श्री बापू ने कहा कि अपने बच्चों का नामकरण खुद नहीं करना चाहिए, अपने गुरुजनों से या ब्राह्मण से नामकरण करना चाहिए। महाराज दशरथ ने गुरु वशिष्ठ को बुलाकर भगवान का नामकरण कराया। उन्होंने कहा कि, हम सभी को रामायण से शिक्षा लेना चाहिए। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु व भक्तों ने उपस्थित होकर कथा का रसपान किया।

### वनाचंल की प्रदर्शनी की राज्योस्तव में सराहना

**लोरमी।** जिले में रजत जयंती महोत्सव के दौरान वन विभाग, लघु वनोपज संघ तथा संजीवनी केंद्र महिला लीडर के माध्यम से एक आकर्षक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में जिले के वन संसाधनों, एटीआर संरक्षक बल, लघु वनोपज और संजीवनी उत्पादों का व्यापक प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनी स्थल पर विभागीय अधिकारियों सहित वन विभाग के प्रमुख अधिकारी डीएफओ, एसडीओ, रेंजर, बिटगार्ड भी उपस्थित हुए एवं उन्होंने इस पहल की सराहना की। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ की जैव विविधता, वन संरक्षण, और लघु वनोपजों के व्यवसायिक एवं टिकाऊ उपयोग को दर्शाया गया था। संजीवनी केंद्र ने अपने हर्बल उत्पादों को प्रदर्शित कर लोगों को इनके औषधीय एवं आर्थिक महत्व के बारे में जागरूक किया। यह आयोजन वन विभाग और लघुवनोपज संघ की एक महत्वपूर्ण पहल थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाना, वन संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, और स्थानीय समुदायों के लिए आर्थिक अवसर प्रदान करना था। विभागीय अधिकारियों ने इस प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए आगामी योजनाओं और विकास कार्यों पर चर्चा की।

## गुप्ता समाज ने मनाई महर्षि कश्यप जयंती, निकली शोभायात्रा



**सीपत।** मंगल भवन सीपत में चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज ने महर्षि कश्यप जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक कॉलेज से भव्य शोभायात्रा निकाल कर की गई, जिसमें समाज के लोगों ने बैंड-बाजे, कर्मा नृत्य और महर्षि कश्यप की जीवंत झांकी व जयकारों से नगर का माहौल अद्भुत बना दिया।

शोभायात्रा नवाडीह चौक, तहसील परिसर होकर मंगल भवन पहुंची, जहां समाज के संरक्षक गोपीचंद गुप्ता और कोषाध्यक्ष रामगोपाल गुप्ता ने सभी का अभिनंदन किया। विधायक दिलीप लहरिया ने महर्षि कश्यप की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, महर्षि कश्यप भारतीय संस्कृति के आदि समाज सुधारक और मानव एकता के संदेश वाहक थे। उनके नाम पर गुप्ता समाज आज जिस संगठन शक्ति का परिचय दे रहा है, वह वाकई प्रेरणादायक है। समाज की यह जागरूकता भविष्य में विकास की नई दिशा तय करेगी। उन्होंने समाज के लिए अपनी विधायक निधि से 5 लाख रुपए की घोषणा करते हुए कहा कि, यह राशि समाज के विकास के लिए उपयोग की जाएगी। विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य राजेंद्र धीवर ने कहा कि, गुप्ता समाज ने हमेशा सामाजिक समरसता और संस्कृति की रक्षा की है। मैं समाज के लिए हर संभव सहयोग के लिए तत्पर हूं। जिपं सदस्य प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश सूर्या ने कहा कि, ऐसा आयोजन समाज की एकता की मिसाल है। आने वाले समय में यह समाज विकास की नई ऊंचाइयों छुएगा। सा थ ही उन्होंने 2 लाख रुपए की सहायता राशि की घोषणा की। जपं सदस्य मनोज खरे ने भी समाज को 2 लाख रुपए देने की घोषणा करते हुए कहा कि, समाज के बच्चे, युवा और महिलाएं जिस उत्साह से जुड़े हैं, वह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने कहा कि, गुप्ता समाज ने जिस एकता और अनुशासन का परिचय दिया है, वह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा है। मंच पर कार्यक्रम के सभापति सुरेश गुप्ता भी आसीन रहे। इस अवसर पर समाज को 2 डिसमिल जमीन दान कर समाज सेवा की मिसाल पेश करने वाली सत्यभामा शिवकुमार गुप्ता को अतिथियों ने शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## परमेश्वरी महोत्सव का शुभारंभ 10 से, तैयारियां तेज



**तखतपुर।** देवांगन समाज तखतपुर की परमेश्वरी महोत्सव आयोजन समिति की ओर से विगत 22 वर्षों से परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष 10 नवंबर से 16 नवंबर तक यह आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारी में समिति के लोग लगे हुए हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में नानू रामाधार देवांगन, नानकन, राजू परिधान, शेखर कांत, तिलक, सनी, शत्रुहन, शेरा, हितेश चंद्र, प्रकाश, चंदन, आनंद, नारायण, नरेश, राकेश, रोहित, अमन, विकास, साकेत, आयुष, देवेंद्र, कमलेश, अक्षत आदि जुटे हुए हैं। परमेश्वरी जयंती कार्यक्रम के तहत 10 नवंबर को कलश यात्रा, 11 नवंबर को सृष्टि उत्पत्ति, 12 नवंबर को दीपचंद माता हरणी जन्म विवाह, 13 नवंबर को महिसासुर जन्म व वध कथा एवं जगराता, 14 नवंबर को गर्भ चरित्र कथा व सांस्कृतिक कार्यक्रम, 15 नवंबर को बड़की, मंझली, छोटकी माता जन्म कथा व सेवागीत कथा 16 नवंबर को सहस्त्र धारा हवन, शोभायात्रा व विर्सजन होगा।

### श्रद्धापूर्वक मनाया गया श्री श्याम जन्मोत्सव

**बिल्हा।** बिल्हा में श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से श्री श्याम जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें हनुमान जी, राधा-कृष्ण एवं शंकर-पार्वती की झांकी प्रस्तुत की गई। बाहर से आए हुए गायक गायको ने अपनी भजनों से ऐसा समां बांधा कि, बिल्हा वासी रात के लगभग 3 बजे तक झूमते रहे। भक्तों के लिए रात में श्याम रसोई का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से श्याम मित्र मंडल के समिति के सदस्य, महेश शर्मा, सीताराम अग्रवाल, उमेश शर्मा, प्रभात अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, शिव शंकर शर्मा, हरीश महाराज, प्रभात शर्मा, मिक्कू डोरिया सहित समस्त श्याम मित्र मंडल के सदस्य शामिल थे।

## महंगी बिजली के विरोध में युकां ने घेरा एसडीएम कार्यालय




हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

■ बिजली की बढ़ी हुई दर से आमजन और किसान परेशानः शुक्ला

महंगी बिजली, शासकीय विद्यालय परिसर में शराब माफियाओं की गतिविधियों के विरोध में युवा कांग्रेस ने पथरिया में वृहद प्रदर्शन किया गया। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में भारी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और कांग्रेस पदाधिकारियों ने रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। घेराव से पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सभा का आयोजन हुआ।

इस दौरान प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा ने कहा कि, सरकार सुशासन की बात करती है, जबकि जमीनी स्तर पर अनियमितताएं चरम पर हैं। इसकी निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई होनी आवश्यक है। पूर्व बिलासपुर मंडी बोर्ड अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि, बिजली बिलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी ने आम नागरिकों की आर्थिक स्थिति पर सीधा असर डाला है। जनता दुखी है, लेकिन सरकार मौन है। सभा के बाद सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट होकर एसडीएम कार्यालय का घेराव करने पहुंचे, सुरक्षा के लिए कार्यालय से थोड़ी दूर पहले बेरीकेटिंग की गई थी। हालांकि, कुछ कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए बैरिकेड तोड़ कर मुख्य द्वार तक पहुंच गए, जिससे माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण रहा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम रेखा चंद्रा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का संचालन पार्षद दीपक साहू एंव आभार प्रदर्शन युकां पथरिया अध्यक्ष राहुल राजपूत ने किया।

इल अवसर पर कांग्रेस नेता दिलीप कौशिक, जिपं सदस्य लक्ष्मीकांत भास्कर, तिफरा ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी नाथ साहू, प्रदेश महासचिव खुशबू वैष्णव, मुंगेली युकां जिला अध्यक्ष राजेश छेदय्या, बिलासपुर जिला अध्यक्ष राजू यादव, बिल्हा विस अध्यक्ष सुनील साहू, आकाश वैष्णव, निक्कू यादव, सौरभ शुक्ला, कुशल, विवेक जायसवाल, मनीष यादव, पथरिया पार्षद प्रकाश भार्गव, सरगांव पार्षद कृष्णा साहू, देवेश साहू, पार्षद राकेश साहू, अशोक जायसवाल, अश्विनी ठाकुर, पीलेश्वर वर्मा, चमन वर्मा, करण ठाकुर, पुखराज बंजारे, दिलीप साहू, मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में युंका कार्यकर्ता, कांग्रेस पदाधिकारी और आम नागरिक उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### हाइवा की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका घायल

**बिलासपुर।** स्कूटी से स्कूल जा रही शिक्षिका को हाइवा के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षिका घायल हो गई और स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।
सकरी पुलिस के अनुसार, मंगला अभिषेक नगर निवासी संगीता कोराम पति चंदन सिंह कोराम कोटा आमाली शासकीय स्कूल में सहायक शिक्षिका हैं। 6 नवंबर की सुबह 9.15 बजे वे घर से स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बीएल, 1280 से स्कूल जाने निकली थीं। उन्होंने लोखंडी ओवरब्रिज पार किया इसी दौरान हाइवा क्रमांक सीजी 10 आर, 3070 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए दाहिनी तरफ से बिना साइड एंडीकेटर दिए गाड़ी मोड़कर उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे वे स्कूटी से दूर जाकर गिरने से घायल हो गईं और स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने शिक्षिका संगीता कोराम की रिपोर्ट पर हाइवा चालक उपेन्द्र पासवान के खिलाफ बीएनएस की धारा 125, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### होटल संचालक पति पत्नी से मारपीट

**बिलासपुर।** ग्राहकी को लेकर होटल संचालक पति पत्नी से जातिगत गाली



गलौज कर मारपीट करने वाले हमलावरों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। अजाक थाना से मिली जानकारी के अनुसार, अभिलाषा परिसर निवासी रामेश्वरी लहरे पति गणेश लहरे ने रिपोर्ट लिखाई। वे न्यू बस स्टैण्ड में होटल चलाती हैं। 12 अक्टूबर की दोपहर 1 बजे सुधा कश्यप, निखिल कश्यप, उसके भैय्या, भाभी होटल में ग्राहक के नाम से लड़ाई कर जातिगत गाली गलौज करते हुए मारपीट की है। पुलिस ने जांच के बाद पीड़िता की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 व 3, 1 द, 3, 1 ध एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नाले में लाश मिलने से सनसनी, मर्ग कायम

**बिलासपुर।** सकर्रा निवासी एक व्यक्ति की नाले में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
हिर्री टीआई रविशंकर तिवारी ने बताया, ग्राम सर्करा निवासी भास्कर शर्मा पिता स्व. भवमोचन शर्मा 43 साल आईटीआई करने के बाद पुणे में नौकरी कर रहे थे। पिछले 6 माह से गांव में आकर रह रहे थे। बुधवार की शाम वह घर से निकले थे। उसके बाद रात भर घर नहीं लौटे। गुरूवार की सुबह परिजन तलाश कर रहे थे। इसी दौरान गांव के लोगों ने काजू फैक्ट्री के पास नाले में भास्कर की लाश देखी। सूचना पर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंच गई। नाले से शव बाहर निकालकर फोरेसिंक टीम के द्वारा जांच की गई। उसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### युवती से मारपीट कर फाड़ा कपड़ा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कपड़ा दुकान में काम करने वाली युवती से दूसरी दुकान में काम करने वाली तीन युवतियों व एक युवक ने जमकर मारपीट कर कपड़ा फाड़ दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, सीपत क्षेत्र की रहने वाली एक युवती तेलीपारा शारदा काम्प्लेक्स के एक कपड़ा दुकान में काम करती है। 4 नवंबर को दूसरी दुकान में काम करने वाली तीन युवतियां व एक युवक गौरीशंकर ने एकराय होकर कमेंट्स करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर दी थी। उन्होंने घटना की रिपोर्ट नहीं लिखाई। 5 नवंबर को फिर से तीनों युवती व युवक ने उनके साथ मारपीट करते हुए कपड़ा फाड़ दिया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**अधिकारियों ने कहा-2 माह में चालू होगी लाइन** | **नेहरू नगर जोन और आसपास के इलाकों में सप्लाई अभी भी अधूरी**

# डबल सप्लाई के लिए खर्च हो गए 2 करोड़, 3 साल बाद भी समस्या जस की तस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू नगर जोन व सर्किट हाउस सबस्टेशन को डबल सप्लाई देने की योजना पिछले 3 सालों से ठंडे बस्ते में है। संसाधन और निर्माण कार्य में अबतक 2 करोड़ रूपए खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी बिजली की समस्या जस की तस बनी हुई है। यही कारण है कि अभी नेहरू नगर जोन और आसपास के इलाकों में बिजली की समस्या बनी हुई है।

विभाग के अधिकारियों के अनुसार मामला संज्ञान में आने के बाद अब इसकी सप्लाई दुरूस्त करने की योजना बन चुकी है। टेंडर खुलने के बाद निर्माण में तेजी आएगी। अरपा नदी के दोनों ओर



शिवघाट और शिव चौक कुदुदंड बैराज के नजदीक बिजली विभाग ने दो टॉवर बनाए है। इन टॉवरों से ही कोनी सबस्टेशन की 33 केवी लाइन की सप्लाई सीधे तौर पर सर्किट हाउस सबस्टेशन तक लाई जाएगी। करीब 3 साल पहले निर्माण कार्य व संसाधनों में बिजली विभाग 2 करोड़ रूपए फूंक चुका है, लेकिन इसके बाद अधिकारियों के ट्रांसफर के बाद मामला ठंडे बस्ते में जा चुका है। हाल ही में पश्चिम डिवीजन के कार्यपालन यंत्री ने सप्लाई को दुरूस्त करने के लिए फिर से काम शुरू किया है। हाल ही में इसके लिए नया टेंडर किया गया है, जिसके तहत लाइन में आ रही बाधाओं को दूर किया जाएगा, वहीं दो माह के भीतर सप्लाई शुरू की जाएगी। अधिकारी का कहना है कि इस बार गर्मी में नेहरू नगर जोन और सर्किट हाउस जैसे इलाकों में बिजली की समस्याओं में कमी आएगी। एक बार सप्लाई शुरू होने के बाद तिफरा सबस्टेशन में पड़ने वाला लोड भी कम हो सकेगा।

### पेड़ों की कटाई छंटाई जरूरी

बताया जा रहा है कि कोनी सबस्टेशन से सर्किट हाउस सबस्टेशन तक सप्लाई लाने में कई बाधा का सामना करना पड़ रहा है। नदी के बीचों बीच बड़े स्पान में तार जोड़ दिया गया है, लेकिन सप्लाई शुरू करने से पहले पेड़ों की कटाई और छटाई की जाएगी। जिसमें समय लग सकता है। इसके लिए टेंडर, स्वीकृति की समस्या है, लेकिन दो माह में काम पूरा होने की उम्मीद है।

### बिजली बंद की समस्या से जूझते हैं लोग

खास बात यह है कि नेहरू नगर सबस्टेशन पूरी तरह से तिफरा सबस्टेशन 33 केवी सप्लाई पर निर्भर है। तिफरा से बिजली बंद होने के बाद नेहरू नगर सबस्टेशन प्रभावित हो जाता है। इस साल बारिश के दिनों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। बिजली की समस्याओं से लोगों को कई तरह की परेशानी भी झेलनी पड़ी है। कोनी से सप्लाई आने के बाद कुछ हद तक राहत मिल सकती है।

### दो माह में शुरू होगी सप्लाई

हाल ही में दोनों टॉवर के मध्य तारों को जोड़ दिया गया है लेकिन सप्लाई डेड है। अभी चार्ज करने में थोड़ा समय लग सकता है। टेंडर किया गया है, काम जारी होने के बाद महज 2 माह में सप्लाई शुरू हो जाएगी।

**-बीबी नेताम,** ईई, पश्चिमी डिवीजन

निवासियों ने कहा- बार-बार की तोड़फोड़ ने उनके जीवन को अस्थिर बना दिया

# लिंगियाडीह के लोगों ने घेरा निगम और कलेक्टोरेट, दो घंटे तक होता रहा हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लिंगियाडीह स्थित दुर्गा नगर वार्ड क्रमांक 52 में नगर निगम द्वारा गरीब निवासियों के मकान तोड़ने की कार्रवाई को लेकर विवाद गहरा गया है। प्रभावित नागरिकों ने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव और मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के नेतृत्व में कलेक्टर के साथ निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप और निष्पक्ष जांच की मांग की है। निवासियों का कहना है कि वे दशकों से इस क्षेत्र में रह रहे हैं और बार-बार की तोड़फोड़ कार्रवाई ने उनके जीवन को अस्थिर बना दिया है। घेराव और हंगामे के दौरान स्थानीय निवासियों ने दावा किया कि वे पिछले 50 वर्षों से लिंगियाडीह क्षेत्र में रह रहे हैं। उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से घर बनाए हैं, जिन पर अब निगम का बुलडोजर चल रहा है।

> ■ स्थानीय निवासियों ने दावा किया कि वे पिछले 50 वर्षों से लिंगियाडीह क्षेत्र में रह रहे हैं

दो घंटे तक हंगामा और नारेबाजी के दौरान लोगों ने बताया कि यह भूमि (लगभग 2.46 एकड़) पहले ही आबादी भूमि घोषित की जा चुकी थी। 2019 में छत्तीसगढ़ सरकार ने निर्णय लिया था कि निगम की भूमि पर बसे नागरिकों को पट्टा दिया जाएगा। इसके बाद भूमि का सर्वे हुआ और अतिरिक्त तहसीलदार ने पट्टाधारियों की सूची तैयार की। लोगों ने 10 रुपए प्रति वर्गफुट के हिसाब से प्रीमियम राशि भी निगम को जमा की। इसके बावजूद, न तो उन्हें स्थायी पट्टा मिला और न ही सुरक्षा की गारंटी।

उल्टे अब निगम तोड़फोड़ की कार्रवाई कर रहा है। निवासियों का आरोप है कि नगर निगम अब तक 113 मकानों को तोड़ चुका है, और हाल में पार्क और कॉम्प्लेक्स बनाने के नाम पर नई कार्रवाई शुरू की गई है। इससे पहले भी लगभग चार माह पूर्व सड़क चौड़ीकरण के नाम पर भी 150 से अधिक मकान और दुकानें तोड़ी गई थीं, लेकिन उस स्थल पर आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।



प्रभावितों ने कोटा विधायक अटल व मस्तूरी विधायक लहरिया के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन।

### मकान तोड़ने पर रोक लगाने की मांग

आंदोलन करने पहुंची महिलाओं ने बताया कि इन कार्रवाइयों से गरीब परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई लोग आज भी अस्थायी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रशासन हर महीनों में नए नाम से कुछ ना कुछ कार्रवाई की जा रही है। कभी सड़क चौड़ीकरण, कभी नाली निर्माण, कभी कॉम्प्लेक्स या पार्क विकास के नाम पर जीना हराम कर दिया गया है। इससे पूरे क्षेत्र में असमंजस और भय का माहौल बना हुआ है। कलेक्टर और निगम कमिश्नर को सौंपे ज्ञापन में स्थानीय निवासियों ने दो प्रमुख मांगें रखी हैं। इसमें प्रस्तावित मकान तोड़ने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए और पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और निर्दोष गरीब परिवारों को राहत मिल सके।

### वर्षों से बसे निवासियों का मकान तोड़ना भाजपा का असली चेहरा : अटल

विधायक अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया ने जिलाधीश को पूरी प्रक्रिया एवं स्थानीय निवासियों की मांग से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 40 वर्षों से ज्यादा समय से सभी निवास कर रहे हैं। 1982 तत्कालीन मध्यप्रदेश के स्व. अर्जुन सिंह सरकार द्वारा प्रदत्त पट्टा भी लोगों के पास है। 2019 में सर्वे कराकर अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा पात्र व्यक्तियों की सूची भी तैयार की गई थी, जिसमें सभी का नाम है। आपत्तिजनक बात यह भी है कि उक्त मकानों को तोड़कर नगर निगम पार्क एवं कामर्शियल काम्पलेक्स का हवाला दे रही है। प्रतिनिधि मण्डल को कलेक्टर ने आश्वस्त किया की विधि अनुसार कार्रवाई पूरी जांच के पश्चात ही होगी। विधायक अटल श्रीवास्तव एवं दिलीप लहरिया ने संयुक्त रूप से कहा कि गरीबों का मकान तोड़ने का नोटिस देना भाजपा का असली चेहरा उजागर करता है।

### किया जा रहा है सर्वे

पहले सर्वे किया जा रहा है और उसी के आधार पर रिपोर्ट बनेगी। यह जानकारी ली जा रही है कि कितने पक्के मकान हैं और कितने कच्चे। कितने परिवार इन स्लम एरिया में रहते हैं। इनमें से कितनों को वहीं तो कितनों को दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जा सकता है। प्रारंभिक सर्वे में ऐसे 113 लोगों को चिन्हांकित किया गया।

**- प्रवीण शर्मा,** जोन कमिश्नर

**विनोबानगर में आवासीय नक्शे पर तीन दुकानों का निर्माण**



# निगम ने चलाया बुलडोजर हंगामा और विरोध भी

**बिलासपुर।** शहर के जोन 4 विनोबानगर की आर 1 गली में आवासीय नक्शे पर तीन दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। इसमें सड़क पर अतिक्रमण भी किया गया है। लोगों की शिकायत के बाद निगम ने मकान मालिक को नोटिस जारी किया है लेकिन कार्रवाई कुछ नहीं की जा रही थी। निगम पर मिलीभगत के आरोप लगे तो गुरुवार की दोपहर बुलडोजर चला दिया गया। निगम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए मकान मालिक के पहुंचने से पहले ही दुकानों की नींव तक उखाड़ डाली। मौके पर समर्थकों के साथ पहुंचे अवैध निर्माणकर्ता राजेश मिश्रा ने हंगामा और विरोध तो किया लेकिन बाद में सख्ती के बाद शांत भी हो गया।

> ■ निस्तारी के रास्ते पर 2 फीट कब्जा कर लिया था, सड़क हो गई थी संकरी

गौरतलब है कि जोन 4 के अंतर्गत विनोबानगर की आर 1 गली में आवासीय नक्शे पर दुकानों का निर्माण निर्माण राजेश मिश्रा द्वारा किया जा रहा था। इसमें कालोनी की सार्वजनिक सड़क पर कब्जा करते हुए तीन दुकानें बनाई जा रहीं थीं। कालोनीवासियों का कहना है कि इस मकान का नक्शा 1972 में पास किया गया था। उसके बाद किसी प्रकार की व्यावसायिक निर्माण की कोई अनुमति नहीं ली गई। अब इस अवैध निर्माण से सड़क संकरी हो रही है और लोगों को परेशानी हो रही है। इस गली में करीब 50 फ्लैट और 25 मकान हैं।

### अवैध बाउंड्रीवाल को ढहाया गया

इसके साथ ही निगम ने ज्वाली नाले के किनारे अवैध निर्माण के बाद अब यहाँ की बेशकीमती जमीन पर बने अवैध बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया है। यहां पूरी जमीन पर ही कब्जे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। जानकारी के मुताबिक भूमाफियाओं ने राजस्व अफसरो से सांठगांठ कर यहां दूसरी जमीन बिठवा दी है। एक परिवार ने रोड तक बाऊन्ड्रीवाल खड़ी कर दी थी।

### शनिचरी में अवैध निर्माण पर नोटिस

शनिचरी क्षेत्र में चबूतरों पर किए गए अवैध निर्माण को लेकर नगर निगम ने दो लोगों विकास ठाकुर और श्यामलाल गुप्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इन दोनों ने सार्वजनिक चबूतरों पर अवैध रूप से कब्जा कर उन्हें दुकानों में तब्दील कर दिया है। निगम अधिकारियों का कहना है कि उक्त निर्माण बिना अनुमति और नियमों के विरुद्ध किए गए हैं। फिलहाल नोटिस जारी कर दोनों पक्षों से जवाब मांगा गया है, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं आया है। निगम का कहना है कि निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलने की स्थिति में नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

कॉलोनीवासियों ने बताया कि रजिस्ट्री पेपर में सामने की सड़क में 48 फीट जमीन है, लेकिन निस्तारी के रास्ते पर 2 फीट कब्जा कर लिया गया है। इससे आवागमन में परेशानी हो रही है। निगम ने राजेश मिश्रा को नोटिस जारी किया था लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। गुरुवार को मौके पर पहुंची निगम की टीम ने तीनों दुकानों को तोड़ डाला। नींव तक उखाड़ डाली गई।

# करंट से ग्रामीण की मौत मामले में दो नाबालिग सहित 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जंगली जानवर के शिकार के लिए जंगल में जीआई तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने दो नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि 29 अक्टूबर को तखतपुर चिरहापारा धूमा निवासी अयोध्या सिंह खुसरो पिता अधियार सिंह खुसरो की कोटा क्षेत्र के करपिहा जंगल में जानवर का शिकार करने के लिए बिछाए गए जीआई तार के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। पुलिस लगातार शिकारियों की पतासाजी में जुटी हुई थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी शिकारी जंगल में छिपे हुए हैं। गुरूवार को टीआई तोप सिंह नवरंग ने स्टाफ के साथ जंगल में घेराबंदी करते हुए आरोपी नर्मदा डिंडोल निवासी जान सिंहबैगा पिता चरण बैगा 48 साल, अनिल बैगा पिता मंहगु बैगा 25 साल व दो नाबालिग को पकड़कर गैर इरादतन हत्या की धारा 105, 238, 3, 5 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### पालना सहायिका के रिक्त पद पर आवेदन 17 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकंडा अंतर्गत नगर निगम बिलासपुर के वार्ड क्र 68 गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के पास दैहान पारा छोटी कोनी में पालना सहायिका के 1 रिक्त पद पर 17 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदिका 17 नवम्बर तक कार्यालय में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन कर सकती हैं। अधिक जानकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है।

### शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर युवती से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली युवती की बहन के घर में किराए में रह रहे चिंगराजपारा निवासी गिरधर साहू पिता सुखराम साहू 29 साल से जान पहचान हो गई थी। पढ़ने के लिए अपने जोरापारा किराए के मकान में बुलाया और शादी



करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। शादी करने के लिए बोलने पर टालमटोल करता था, बाद में उसने दूसरी लड़की से शादी कर ली। उसके बाद भी गिरधर साहू प्रताड़ित कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। प्रताड़ना से तंग आकर उसने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा 376, 2, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

### मारपीट करने वाले कोचिंग सेंटर के दो शिक्षकों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** एक कोचिंग सेंटर के सामने एक निजी शिक्षक के द्वारा ट्यूशन का पाम्पलेट बांटने पर कोचिंग सेंटर के दो शिक्षकों के द्वारा गुण्डागर्दी कर मारपीट की गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद हमलावरों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

विद्यानगर निवासी अभय अग्रवाल प्राइवेट ट्यूशन क्लास चलाते हैं। गुरूवार को वे सीएमडी चौक स्थित आचार्या कोचिंग क्लासेज के पास अपनी ट्यूशन क्लास का पाम्पलेट छात्र छात्राओं को बांट रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया है पाम्पलेट बांटने के दौरान कोचिंग सेंटर के शिक्षक सौरभ द्वेदी, आदिल आए और पाम्पलेट बांटने का विरोध करते हुए उनके साथ गाली गलौज कर हाथपाई करते हुए मारपीट की है। पीड़ित मारपीट व गाली गलौज करते हुए वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया है। वीडियो वायरल होने के बाद तारबाहर पुलिस हरकत में आई। तारबाहर टीआई कृष्णचंद्र सिदार ने बताया, अभय अग्रवाल की रिपोर्ट पर हमलावर सौरभ द्वेदी, आदिल के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115, 351 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

